A LEGACY OF 27 years

7 से 21 अगस्त 2025

# टेक्सटाइल वर्ल्ड

79 वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ



# 21st GARMENT FAIR 2025

## व्यापार की दुनिया में फिर एक बार छाया SSS का जलवा






**कोलकाता/** कोलकाता में आयोजित SSS 21st GARMENT FAIR 2025 ने एक बार फिर से व्यापारिक जगत में अपनी गूंज छोड़ दी है। 28 जुलाई से शुरू हुए इस मेले ने देशभर के व्यापारियों, निर्माताओं और फैशन उद्यमियों को एक मंच पर लाकर एक नई ऊर्जा प्रदान की। हर साल की तरह इस बार भी SSS परिवार ने अपने शानदार आयोजन और उत्कृष्ट मेहमान नवाजी से सभी का दिल जीत लिया। फैशन, ट्रेडिंग और नेटवर्किंग का ये महाकुंभ 3 दिनों तक चला, जिसमें हजारों की संख्या में विजिटर्स और पार्टिसिपेंट्स शामिल हुए।

इस बार के फेयर की खास बात थी INNOVATIVE SHOWCASING OF NEW COLLECTIONS हर ब्राण्ड ने अपनी लेटेस्ट डिजाइन, ट्रेंड और टेक्सटाइल क्वालिटी के साथ यहाँ भाग लिया। खासतौर से किड्स वियर, मेन्स कुर्ता, लेडीज वियर और एथनिक कलेक्शन ने सबका ध्यान खींचा। LIVE INTERACTIONS, PRODUCT DEMONSTRATIONS और ट्रेड डील्स ने इस बार के मेला अनुभव को और भी खास बना दिया। कई MANUFACTURE कम्पनियों ने ONSITE DEALS फाइनल की और नए डिस्ट्रीब्यूटर्स से जुड़ने का मौका पाया। SSS GARMENT FAIR में सिर्फ व्यापार ही नहीं, बल्कि एंटरटेनमेंट का भी पूरा ख्याल रखा गया। BOLLYWOOD NIGHT में SUNNY LEONE की धमाकेदार परफॉर्मेंस ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, इससे इवेंट की पॉपुलैरिटी और भी बढ़ गई। SSS परिवार का मानना है कि 'एक बेहतर व्यापारिक माहौल वही होता है, जहाँ विश्वास, अवसर और सम्मान साथ चलते हैं और इस फेयर ने इसी विजन को साकार किया।

अंततः यह कहा जा सकता है कि SSS 21st GARMENT FAIR 2025 न केवल व्यापार का उत्सव था, बल्कि यह फैशन और उद्योग के भविष्य की झलक भी थी। प्रतिभागियों और विजिटर्स ने इसे अब तक का सबसे सफल और MEMORABLE FAIR करार दिया।



















SARAOGI SUPER SALES PVT. LTD.
CORPORATE OFFICE : 70 & 72, Mahila Colony, Gandhi Nagar, Delhi-110031, Contact Us 7290097195




पाक्षिक
SINCE 1998
# टेक्सटाइल वर्ल्ड
Postal Registration No : BHILWARA/208/2024-2026 Posting on 09-08-2025 at Rail Mail Service, Bhilwara
वर्ष-28 अंक-04 भीलवाड़ा/07 अगस्त 2025 कुल पृष्ठ- 32 मूल्य : 25 रुपए 1













# अमेरिका द्वारा भारत से आयात पर टैरिफ

**नई दिल्ली/ राजेश शर्मा**...अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा भारत से आयात पर 25 प्रतिशत टैरिफ और जुर्माना लगाने की घोषणा ने देश के टेक्सटाइल और गारमेण्ट उद्योग के सामने एक नई चुनौती खड़ी कर दी है। जानकारों का कहना है कि इससे एक बार तो निर्यात प्रभावित होगा, लेकिन साथ ही आशा है कि सरकार जल्द ही अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौता करके इसका समाधान तलाश कर लेगी। उल्लेखनीय है कि ट्रंप में राष्ट्रपति का पदभार संभालते ही अनेक देशों से आयात पर टैरिफ लगाने की घोषणा कर दी थी। अनेक देशों के साथ व्यापार समझौते हुए, जबकि कुछ देशों से चल रहे हैं और भारत भी इनमें से एक है। अनुमान था कि अमेरिका कोई समझौता होने तक भारत पर भी टैरिफ लागू नहीं करेगा, लेकिन अचानक एक अगस्त और बाद में 7 अगस्त से टैरिफ लागू करने से व्यापार जगत हैरान है।

**टेक्सटाइल गारमेण्ट के सामने नई चुनौती**

**ज्यादा चिंताजनक नहीं**- एईपीसी के चेयरमैन श्री सुधीर सेखरी का कहना है कि अमेरिका द्वारा 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने से अधिक चिंता करने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि एक तो यह अन्य देशों की तुलना में कम है और दूसरा अभी अमेरिका से द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर वार्ता जारी है। उनका कहना है कि जब तक अमेरिका वियतनाम, बांग्लादेश, चीन आदि के लिए टैरिफ दरें कम नहीं करता है तब तक चिंता की कोई बात नहीं है, क्योंकि उनकी टैरिफ दर भारत की तुलना में अधिक हैं। उनका मानना है कि वर्तमान में कुछ समय के लिए भारत से अमेरिका को टेक्सटाइल और गारमेण्ट का निर्यात प्रभावित हो सकता है, लेकिन व्यापार समझौता पूरा होने के बाद निर्यात में सुधार होगा। उल्लेखनीय है कि 25 अगस्त का अमेरिका का प्रतिनिधिमंडल भारतीय अधिकारियों से बात करने के लिए नई दिल्ली आ रहा है। श्री सेखरी का कहना है कि भारतीय रेडीमेड गारमेण्ट के लिए अमेरिका एक महत्त्वपूर्ण बाजार है और वर्ष 2024 में भारत के कुल रेडीमेड गारमेण्ट का लगभग 33 प्रतिशत हिस्सा अमेरिका को गया था। गत चार वर्षों के दौरान अमेरिका के रेडीमेड गारमेण्ट बाजार में भारत की हिस्सेदारी बढ़ी है। वर्ष 2020 में अमेरिका कुल रेडीमेड गारमेण्ट बाजार में भारत की हिस्सेदारी 4.5 प्रतिशत थी, जो वर्ष 2024 में बढ़कर लगभग 5.8 प्रतिशत हो गई। इस समय अमेरिका को रेडीमेड गारमेण्ट निर्यात करने वाले देशों में भारत का चौथा स्थान है। उनका कहना है कि वर्ष 2024 में अमेरिका के कुल गारमेण्ट आयात में चीन, वियतनाम और बांग्लादेश की कुल हिस्सेदारी 49 प्रतिशत थी। शेषांश पृष्ठ 10 पर...

























































# विटा पावरलूम एसोसिएशन का मुख्यमंत्री को ज्ञापन

**कोल्हापुर/ राहुल खाड़े**

वस्त्रोद्योग विकास के बारे में सोचे तो सिर्फ सहकारी सूत गिरणी के अलावा इसमें शामिल सभी घटकों को मदद करना जरूरी है। इसका ज्ञापन विटा पावरलूम संघ की ओर से मुख्यमंत्री श्री देवेंद्र फडणवीस को सौपा है ऐसा अध्यक्ष श्री किरण तारलेकर ने बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने राज्य के वस्त्रोद्योग विकास के लिए हाल ही में मुम्बई में बैठक हुई, जिसमें सिर्फ सहकारी सूत गिरणी को मदद करने पर विचार हुआ। वस्त्रोद्योग पर व्यापक विचार किया जाए, तो इसमें जिनिंग, स्पिनिंग, वीविंग, डाइंग, गारमेण्ट आदि घटक शामिल है। यह सभी घटक एक-दूसरे पर निर्भर है। बीते कुछ वर्षों से आर्थिक समस्या का सामना कर रहे और हजारो की संख्या में भंगार में बिक्री हुए राज्य के दस लाख विकेंद्रित पावरलूम विभाग के लिए सहकारी सूत गिरणी की तरह प्रति स्पिंडल पाँच हजार रूपए के कर्ज के लिए ब्याज अनुदान दिया जाता है। उसी तरह पावरलूम को 50 हजार से ऊपर के कर्ज के लिए ब्याज अनुदान दे।

राज्य के विकेंद्रित पावरलूम का पंजीकरण करने का स्वागत है, लेकिन इस विभाग का पंजीकरण करने से कुछ नहीं होगा। साथ ही राज्य में सौर ऊर्जा का इस्तेमाल करने के लिए समिति का गठन किया जा रहा है, जिससे पावरलूम कारखानों के लिए सौर ऊर्जा प्रकल्प के लिए निवेश पर भांडवली अनुदान और ब्याज अनुदान देने पर विचार किया जाए।

श्री तारलेकर ने कहा कि राज्य के लगभग दस लाख पावरलूम को सालाना 450 से 500 करोड़ रूपए का निवेश करना पड़ता है, जबकि इन घटकों से राज्य और केंद्र सरकार को मिलने वाला जीएसटी कर के साथ अप्रत्यक्ष महसूल के बारे में सोचे तो ठीक है। राज्य की बंद सहकारी सूत गिरणी फिर से शुरू करने के लिए अहवाल तैयार किया जा रहा है।

# रक्षाबंधन से पूर्व बाजार में बढ़ी रौनक

**उदयपुर/ नवीन कोठारी**

आलोच्य पखवाड़ा जहाँ देवशयनी के साथ बरसात शुरू होने से वस्त्र बाजार में सन्नाटा पसरा था, वहीं अब रक्षाबंधन से पूर्व वस्त्र बाजार में रौनक दिखाई देने लगी है। मांगलिक कार्यो के विराम के बावजूद बाजार की रौनक देखकर वस्त्र विक्रेताओं के चेहरे खिल उठे। वस्त्र बाजार में खासकर कई साड़ी प्रतिष्ठानों पर डिस्काउंट सेल के कारण महिलाओं की आवाजाही लगी रहती है और रक्षाबंधन व तीज फेस्टिवल के मद्देनजर साड़ियों की प्रदर्शनी भी लग रही है, जिसमें 100 प्रतिशत शुद्ध सिल्क व कॉटन उत्पाद रखे गए है, जिनमें बनारसी सिल्क, जामरानी, कांजीवरम सिल्क, उप्पाड़ा, बांधानी साड़ी, भागलपुर ट्सर, गाडवाल एवं कांथावर्क, धर्मानरम, पठान पटोला व डिजाइनर साड़ी, मलबेरी सिल्क साड़ी, कोलकाता बुटिक साड़ी व सूट 50 प्रतिशत डिस्काउंट पर विक्रय किए जा रहे हैं। इन प्रदर्शनी में महिलाओं द्वारा अच्छी खरीददारी देखी जा रही है। बरसात को देखते हुए तिरपाल और रेनकोट की बिक्री में भी बढ़ोतरी हुई है। साड़ी और सूट के अलावा होजियरी वस्त्रों की बिक्री में भी सुधार देखने को मिल रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार रक्षाबंधन के पश्चात भी कुछ समय तक बाजार में उठाव देखा जा सकता है।

# रक्षाबंधन की ग्राहकी जबरदस्त

**सतना/ बलराम शुक्ला**

इस समय बाजार में सन्नाटे से मुक्ति मिल गई है, क्योंकि रक्षाबंधन की ग्राहकी शुरू है। सतना के प्रतिष्ठित साड़ी व्यापारी श्री कमल जानवानी ने बताया कि इस समय सूरत की साड़ी अच्छी बिक रही है। जॉर्जेट, सीफोन और प्रिंट में फ्लावर लहरिया की तीस-तीस, पच्चीस-पच्चीस में ऑल ओवर और पल्लू में माल की अच्छी डिमांड है। साथ ही वर्क साड़ी में कटदाना जरीवर्क की साडियां ही बिक रहीं है। लहंगों का स्टॉक है, लेकिन वैवाहिक सीजन नही होने से डिमांड कम है। अभी रेडीमेड ब्लाउज, वेलवेट की अच्छी मांग है। फैंसी ब्लाउज इस क्षेत्र में श्री नाथ का बिक रहा है। आगामी सीजन में रेग्युलर ग्राहकी अच्छी चलने की उम्मीद है।

# त्योहारी ग्राहकी से मार्केट में हलचल

**ब्यावर/ अनिल डोसी**

इस समय मार्के ट में ग्राहकी अच्छी चल रही है। इसका कारण रक्षाबंधन त्योहार है, जिसमें ओरना, साड़ी, ब्लाउज का कारोबार अच्छा चल रहा है। साथ ही बरसात होने से नदी, नाले आदि भर गए हैं। आगे 15 अगस्त तक स्कूल ड्रेस की ग्राहकी अच्छी चलेगी। वैसे रेग्युलर व्यवसाय सीमित मात्रा में ही है फिर भी सूटिंग-शर्टिंग, ड्रेस मटीरियल, धोती जोड़ा, ब्लाउज पीस, टेरी रूबिया व फैंसी रेडीमेड सलवार सूट, साड़ियां, पेटीकोट, राजपूती सूट, कॉटन एवं प्रिंट ओरना, कॉटन एवं सेमी जापानी, प्योर जापानी आदि क्वालिटियों की अच्छी डिमांड है।











# रिटेल काउंटरों में ग्राहकी मंद
# त्योहारी मांग का इंतजार

**मुम्बई/ रमाशंकर पाण्डेय...** रिटेल काउंटरों में गारमेण्ट की मांग मंद है, परंतु आगे त्योहारों के होने से गारमेण्ट में खुदरा ग्राहकी बढ़ने की आशा से नई वैरायटी की न केवल बाजारों में आवक अच्छी है, बल्कि रिटेलरों की मांग होने से बाजार का रूख बदल रहा है। रिटेलर्स न केवल त्योहारी मांग को देखते हुए खरीदी करने में जुट गए है, बल्कि उनकी नजर दीपावली, नवरात्रि और विंटर सीजन की ग्राहकी पर भी है। यहीं कारण है कि गारमेण्ट कपड़ों में हलचल बढ़ गई है। मुम्बई की गारमेण्ट इकाइयों में उत्पादन में बहुत सुधार नहीं हो सका है, क्योंकि जितने कारीगरों की आवश्कता है, उससे कम की उपलब्धता है फिर भी गारमेण्ट की भिन्न वैरायटी में पूछताछ है। गारमेण्ट कारखानों में कारीगरों के गांव से आने पर उत्पादन में तेजी आएगी। गारमेण्ट फेयर की सफलता से इकाइयों के पास ऑर्डर अच्छे आने लगे हैं। यहीं कारण है कि गारमेण्ट में विशेषकर उपयोग में लाए जाते फिनिश कपड़ों की मांग एकाएक बढ़ी है। मुम्बई में गारमेण्टर्स कपड़ों की मांग अच्छी है, इसमें फिनिश वैरायटी की उम्दा क्वालिटी के कपड़े शामिल है। शर्टिंग के लिए लिनन बेस्ड कपड़ों में अच्छा उठाव देखा जा रहा है। लेडीज ड्रेस मटीरियल में मांग इस बार बाजार लीक से हटकर दिखाई दे रही है। सूटिंग में कारोबार अभी पूरी तरह से कमजोर है, परंतु इसमें भी सुधार संभव है।

गारमेण्ट इकाइयों की शर्टिंग में ग्राहकी पूरी हो चुकी है और आगे की सीजन के लिए प्रोग्रामों में तेजी लाई जा रही है। अभी उत्पादन तेजी उतनी नहीं है। तिरूपुर की गारमेण्ट इकाइयों के कारोबार में भारी उछाल है। गारमेण्ट का निर्यात 12 प्रतिशत बढ़कर लगभग 12193 करोड़ रू हो गया है, जो पिछले वर्ष की इस अवधि में 10919 करोड़ रू था। निर्यात कारोबार निरंतर बढ़ने से गारमेण्ट कपड़ों की मांग सुधर रही है। हकीकत यह है कि ऑफ सीजन शुरू होने से पहले गारमेण्ट में रिटेल बहुत अच्छा था, जो इन दिनों में घटकर नीचले स्तर पर पहुँच गया है, परंतु सीजन में रिटेलर्स सभी खंडों में अपने बिक्री लक्ष्य के करीब पहुँच चुके थे। इधर गारमेण्ट इकाइयों में तेजी का संचार होता दिखाई दे रहा था। कारण कि गारमेण्ट का निर्यात कामकाज काफी अच्छा होने लगा था कि अचानक अमेरिका की ओर से भारतीय उत्पादों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा कर दी गई। इससे बाजार कुछ समय के लिए सहम सकता है, लेकिन टैरिफ की अनिश्चितता के बीच अभी तक अमेरिका में भारत से गारमेण्ट का निर्यात हिस्सा बढ़ा है, जबकि चीन का कम हुआ है। निर्यातकों के लिए एक दूसरा बाजार खुल चुका है। भारत और यूके के बीच मुक्त व्यापार करार होने से यूके में गारमेण्ट एवं होम टेक्सटाइल का शुल्क मुक्त निर्यात में अच्छी खासी वृद्धि होने का अनुमान है।







# गोपाल फैब्रिक्स, विजयवाड़ा ने FERNO ब्राण्ड को आंध्र एवं तेलंगाना में किया लॉञ्च

## 27 जुलाई को हैदराबाद स्थित द पार्क होटल में आयोजित हुई सेल्स कॉन्फ्रेंस








**हैदराबाद/** प्रीमियम शर्टिंग फैब्रिक्स के क्षेत्र में एक महत्त्वपूर्ण कदम उठाते हुए, गोपाल फैब्रिक्स, विजयवाड़ा ने विश्वस्तरीय Ferno ब्राण्ड को आंध्रप्रदेश और तेलंगाना राज्यों के लिए लॉञ्च किया। इस अवसर पर 27 जुलाई को एक भव्य सेल्स कॉन्फ्रेंस का आयोजन द पार्क होटल, हैदराबाद में किया गया, जिसमें क्षेत्र के प्रमुख रिटेलर्स ने भाग लिया। Ferno ब्राण्ड के अंतर्गत आधुनिक ट्रेंड्स और हाई-क्वालिटी यार्न से निर्मित प्रीमियम शर्टिंग फैब्रिक्स को प्रदर्शित किया गया, जो क्षेत्र के फैब्रिक रिटेलर्स के लिए आकर्षण का केंद्र बना।

कार्यक्रम में विशेष रूप से श्री किशोर भाई (Gopal Textiles), श्री प्रकाश पोखरणा (Suiting House), और Ferno ब्राण्ड के मार्केटिंग प्रमुख श्री रजनीश वर्मा उपस्थित रहे, जिन्होंने ब्राण्ड की विशेषताओं और संभावनाओं पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर श्री किशोर भाई ने बड़े उत्साह के साथ आंध्रप्रदेश और तेलंगाना में Ferno ब्राण्ड के वितरण के बारे में कहा कि- Ferno के विश्वस्तरीय फैब्रिक्स अब हमारे क्षेत्र के ग्राहकों को बेहतरीन क्वालिटी और स्टाइल का अनुभव प्रदान करेंगे। हम इस ब्राण्ड को नई ऊँचाइयों तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।' Ferno ब्राण्ड की ऐतिहासिक विरासत भी उल्लेखनीय है। वर्ष 1913 से इटली में स्थापित यह ब्राण्ड लग्जरी गीजा कॉटन में प्रीमियम शर्टिंग फैब्रिक्स का प्रमुख उत्पादक रहा है। इसके व्हाइट शर्टिंग फैब्रिक की गुणवत्ता वैश्विक स्तर पर प्रसिद्ध है। यूरोप और अमेरिका जैसे विकसित बाजारों में Ferno ब्राण्ड के कपड़ों से बनी शर्ट्स को बेहतरीन मानते हुए प्रमुख अंतरराष्ट्रीय ब्राण्ड्स भी गर्व के साथ प्रस्तुत करते हैं। अब Ferno वर्ष 1913 भारत में भी अपने प्रीमियम शर्टिंग फैब्रिक्स के साथ उपलब्ध है और इसे देश के प्रमुख रिटेल स्टोर्स में प्राप्त किया जा सकता है।






# Tessitura Monti India के चेयरमैन श्री जोधराज जैन का इटली दौरा

## इंटरनेशनल बिजनेस नेटवर्किंग की दिशा में ठोस कदम



**बैंगलुरू/** Tessitura Monti India के चेयरमैन श्री जोधराज जैन ने हाल ही में इटली का महत्त्वपूर्ण दौरा किया। इस दौरान उन्होंने Karbel, Istanbul के चेयरमैन सहित अन्य संभावित अंतरराष्ट्रीय सहयोगियों से उच्च-स्तरीय व्यावसायिक मीटिंग्स की। मीटिंग्स में फैब्रिक उद्योग से जुड़े आगामी वैश्विक रूझानों, संभावित जॉइंट वेंचर्स और Monti के उत्पादों की इंटरनेशनल मार्केट में पहुँच को लेकर विस्तृत चर्चाएं हुई। श्री जोधराज जैन की दूरदर्शिता, व्यावसायिक अनुभव और ग्लोबल रिलेशन नेटवर्क इस दौरे में विशेष रूप से परिलक्षित हुआ। उन्होंने इटली के फैब्रिक सर्कल में Tessitura Monti की ब्राण्ड वैल्यू और उत्पादन क्षमताओं को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। उनका यह दौरा आने वाले समय में Tessitura Monti के अंतरराष्ट्रीय विस्तार के लिए एक मजबूत आधार सिद्ध होगा।

# युवा डायरेक्टर श्री आकाश जैन का सफल यूरोपीय दौरा

## स्पेन एवं स्विट्ज़रलैंड में SS-26 कलेक्शन की शानदार प्रस्तुति

Tessitura Monti India के डायरेक्टर श्री आकाश जैन ने हाल ही में यूरोप का महत्त्वपूर्ण दौरा किया, जिसके तहत उन्होंने आगामी Spring Summer 2026 (SS-26) कलेक्शन को कई प्रमुख अंतरराष्ट्रीय ब्राण्ड्स के समक्ष प्रस्तुत किया। इस दौरे की शुरूआत स्पेन में हुई, जहाँ उन्होंने Pull and Bear, Zara, Massimo Dutti जैसे दुनिया के अग्रणी ब्राण्ड्स के हेडक्वाटर्स में कलेक्शन पेश किया। वहाँ की डिजाइन और प्रोक्योरमेंट टीम्स ने Tessitura Monti के फैब्रिक क्वालिटी, फिनिश और इनोवेटिव डिजाइनों की विशेष सराहना की। इसके पश्चात श्री जैन स्विट्ज़रलैंड पहुँचे, जहाँ उन्होंने Hugo Boss की डिजाइन टीम के समक्ष SS-26 कलेक्शन प्रस्तुत किया। Hugo Boss की टीम ने Monti के टेक्सचर, कलर प्ले और शर्टिंग ट्रेंड्स को भविष्य के लिए ''परफेक्टली अलाइन्ड'' बताते हुए काफी उत्साह जताया।







TESSITURA MONTI INDIA PVT. LTD.

Factory & Registered Office :
Gat No. 147, Village Tamgaon, Post - Sangavde, Tal. Karveer, Kolhapur - Hupari Road, Dist. Kolhapur - 416202. Maharastra. INDIA. Tel. No : +91 231 2682900 Email : info@monti.co.in

Corporate Office :
77, Jodh Towers, 4th Floor, Lalbagh Road, Bengaluru - 560027, INDIA. Tel. No : +91 80 40500288
Email : office@monti.co.in Website : www.monti.co.in

@TESSITURAMONTI.INDIA

Tessitura Monti India Pvt.Ltd. BORN IN ITALY 1911

# मौसम की आर्द्रता से उत्पादन गतिहीन

**बालोतरा/ लालचंद पुनीत**



मौसम अभी भी आर्द्रतापूर्ण होने से उत्पादन गतिहीन स्थिति में चल रहा है। माल चालानी उन्हीं प्रतिष्ठानों से हो पा रही है, जिनके पास तैयार माल उपलब्ध है। मानाकि आंशिक लेवाली का बाजार है, परंतु छोटे प्रतिष्ठान में नया माल न बन पाने के कारण हताश के शिकार है। बरसाती ऋतु के मद्देनजर श्रमिकों का अभाव बना रहता है और मजदूर अपने गृह ग्रामों में कूच कर जाते हैं तथा आवश्यक कृषि कार्यों में मशगूल हो जाते हैं। परिणामस्वरूप औद्योगिक प्रक्रियाएं हर स्तर पर बाधित हो जाती है। चाहे धुपाई हो, डाइंग हो, पेडिंग हो या अन्य प्रोसेसिंग में झांकती सूर्य की मंदिम किरणों का आभास तो कभी-कभी हो जाता है, परंतु प्रखर सूर्य ताप के अभाव में उत्पादन प्रक्रियाएं व्यवस्थित नहीं चल पाती। कतिपय उद्यमी जौखिम उठाकर माल तैयार करने का प्रयास करते हैं, क्योंकि यह उनकी मजबूरी होती है। गोदाम में पड़े माल में कई रंग न होने से माल चालानी में आती रूकावट को दूर करने हेतु रिस्क लेनी पड़ती है। बरसात के मौसम में माल जो बनता है उसमें डिफेक्ट आने की संभावनाएं अधिक रहती है। इस क्षेत्र के अधिकांश उद्यमी अपनी साख व गुणवत्ता कायम रखने हेतु बेहतरीन माल को छाटकर ही भेजते हैं, जिससे उनके व्यापारी संतुष्ट रहते हैं। प्रतिस्पर्धा के इस दौर में भी कई व्यापारी वर्ष पर्यन्त चुनिंदा उत्पादकों से ही माल लेते हैं। कुछ व्यापारी अपने ऑर्डर में आरआरडी (रूलिंग रेट एट दी टाइम ऑफ डिस्पेच) लिखकर भेजते हैं। इसमें कोई दौराय नहीं है कि जो प्रतिष्ठान पूरी लगान के साथ क्वालिटी प्रॉडक्ट बनाते हैं, उनके ग्राहक सदा बने रहते हैं। कुछ उद्यमियों ने बताया कि उनके पचासों ग्राहक ऐसे है, जो 20-25 वर्षों से हमारे से जुड़े हुए है। ऐसे ग्राहकों से लंबे अंतराल तक संबद्ध रहने से उनमें पारिवारिक संबंध भी सुदृढ़ बन जाते है।

पोपलीन की चालानी कम है, परंतु नाइटी, पेटीकोट, रूबिया, अस्तर, साड़ीफॉल, लीजी-बीजी, पोकेटिंग क्लॉथ की चालानी में दम है। अनुभवी उद्यमी इस बात से आश्वस्त हैं कि दो सप्ताह बाद मांग का ग्राफ बढ़े बिना नहीं रहेगा। बरसाती सीजन में पुराने आंकड़े बताते है कि माल चालानी सदा कमजोर रही है। आगे कई कारणों से बालोतरा-जसोल के माल की पूछपरख जारी रहेगी।

राजस्थानी साहित्य कला परिषद, बालोतरा के साहित्य प्रेमी मोहन लाल गहलोत के निधन पर परिषद ने उनके विशेष कार्यों का उल्लेख करते हुए श्रद्धांजलि दी। स्मरण रहे पूर्व में उनकी 25 वीं पुस्तक के प्रकाशन पर परिषद द्वारा उनका नागरिक अभिनंदन भव्यता से किया गया था।










# WFB conducts successful BAIRD Cotton tradeshow in Delhi

HOUSE OF BURGOYNE IRELAND ESTD. 1912



**New Delhi/** WFB Baird & Company (India) Pvt. Ltd. held its BAIRD Cotton tradeshow at Delhi, it was attended by the All-India channel partners of BAIRD Cotton.

The two-day conference, held between 25th & 26th July 2025 at the hotel Radisson Blu Plaza Hotel, Delhi Airport was inaugurated by Mr. Abhijit Ganguly (Director & Business Head - Domestic) in the presence of All-India dealers, agents & other company officials.

In the BAIRD Cotton tradeshow, a new collection – Sorrento was introduced. Inspired by Italian craftsmanship that defines corporate elegance, the collection offers crisp and breathable fabrics in classic designs that embody classic Italian elegance.

The latest Picasso collection – fine digital prints in super luxury cotton – was highly appreciated for its cutting-edge fashionable prints in attractive hues.

The ten major collections of BAIRD Cotton Finest Giza Shirting were also showcased - Whites, St. Louis, Cambridge, Petersburg, San Frisco, Nairobi, Portland, Havana, Rome and the recently introduced Venice collection.

The latest premium shirting fabric collections were highly appreciated for their extensive range varying from striking prints to bold solids to sharp stripes and checks to intricate patterns, available in soothing neutrals and vibrant hues.

The BAIRD Cotton tradeshow proved to be a success with its channel partners throughout the country coming together to be part of this tradeshow.




















For Agent/Dealer enquiries, reach us at: Call: +91 9340605633 | Whatsapp: +91 9992514747 | Write to: helloburgoyne@bairdlinen.com
AVAILABLE AT ALL LEADING RETAIL OUTLETS | Follow us on /@bairdcottonofficial | /@bairdcotton_official | www.bairdcotton.com

**Burgoyne** & **BAIRD Cotton** are registered trademarks of **WFB BAIRD & COMPANY (INDIA) PVT. LTD.**

HOUSE OF BURGOYNE IRELAND ESTD. 1912




# सूटिंग-शर्टिंग और रिटेल ग्राहकी में हलचल

**रेवाड़ी/ जयप्रकाश शर्मा**

इस समय रिटेल में बुकिंग अच्छी हो रही है और मिलों से बुलाकर बाजार में सूटिंग-शर्टिंग साड़ियों की ग्राहकी अच्छी है। राम एडं सन्स के यहाँ भीलवाड़ा के प्रतिनिधि बुलाकर रिटेल की बुकिंग अच्छी हो रही है। साथ ही रक्षाबंधन से डिजाइन प्रिंट साड़ी एवं लहरियां अच्छा बिक रहा है। भारद्वाज एम्पोरियम महेन्द्रगढ़ श्री संजय शर्मा के यहाँ सूटिंग-शर्टिंग एवं साड़ियां अच्छी बिक रहीं है। साड़ियों में 350 से 1800 तक की प्रिंट साड़ियों की डिमांड अच्छी बनी हुई है। दुकानों पर राखियां एक से एक डिजाइन में एवं अन्य सामान की ग्राहकी है। अभी सूरत की साड़ियों की जबरदस्त डिमांड है। निखिल गारमेण्ट्स कनीना के यहाँ रेडीमेड में बच्चों की ड्रेस एवं डिजाइन के लोअर, टी-शर्ट, जींस इत्यादि की बिक्री चल रही है। राम एम्पोरियम नारनोल में रेडीमेड में ग्राहकी अच्छी है। सुभाष साड़ी शोरूम अटेली के यहाँ साड़ियों की ग्राहकी अच्छी है। इस समय पाली, बालोतरा, अहमदाबाद, भीलवाड़ा, मुम्बई एवं सूरत की बुकिंग अच्छी दे रहे हैं। मिलों से कपड़ा आना शुरू हो गया है। दीक्षा साड़ी शोरूम कुण्डमण्डी श्री आलोक शर्मा का कहना है कि अभी पाली, बालोतरा, अहमदाबाद, सूरत की बुकिंग अच्छी जा रही है और ब्लाउज, पोपलीन, सूट, साड़ी अच्छी बिक रही है। सूटिंग-शर्टिंग का काम कमजोर है। आगामी सीजन अच्छा रहने की पूरी उम्मीद है। मिलों में पेमेंट बराबर जा रहा है।












# देश की प्रमुख कपड़ा मण्डियों के संगठनों की कोलकाता में हुई अहम बैठक

## एजेंडाः रेफरेंस सिस्टम, आर एण्ड डी एवं व्यापारिक लेन-देन के मामलों में कार्यवाही



कोलकाता/ फेडरेशन ऑफ सूरत ट्रेड एंड टेक्सटाइल एसोसिएशन (फोस्टा), कलकत्ता साड़ी डीलर एसोसिएशन (कोलकाता), द साउथ कलकत्ता साड़ी डीलर एसोसिएशन (कोलकाता), बनारसी वस्त्र उद्योग एसोसिएशन (वाराणसी) एवं मस्कती क्लॉथ मार्केट महाजन (अहमदाबाद) के पदाधिकारियों के साथ एक महत्त्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। साथ ही बैंगलोर होलसेल क्लॉथ मर्चेंट एसोसिएशन, जयपुर एसोसिएशन, दिल्ली एसोसिएशन, लुधियाना मण्डी जैसे मैन्युफेक्चरर मण्डियों के संगठन के साथ टेलीफोनिक बातचीत के जरिए सम्पर्क किया गया। इस बैठक का उद्देश्य देशभर के प्रमुख कपड़ा संगठनों को एक साझा मंच पर लाकर परस्पर समन्वय, कपड़ा बाजार का मजबूत रेफरेंस सिस्टम, रिसर्च एंड डवलपमेण्ट सेंटर, लेबर स्किल यूनिवर्सिटी, व्यापारिक लेनदेन के मामलों में कार्यवाही इत्यादि मुख्य एजेंडा रहा। विशेष रूप से व्यापारिक विकास, पारस्परिक विश्वास और व्यापारी हितों की रक्षा जैसे विषयों पर गहन चर्चा की गई।

इस बैठक के दौरान फोस्टा अध्यक्ष श्री कैलाश हाकिम ने कहा कि 'मण्डियों के संगठनों के साथ समन्वय और सहयोग न केवल व्यापारिक रिश्तों को मजबूत करेगा, बल्कि व्यापारिक समुदाय का मनोबल भी बढ़ाएगा और व्यापार में उल्लेखनीय वृद्धि देखने को मिलेगी।' एक महत्त्वपूर्ण विषय पर चर्चा करते हुए यह सहमति बनी कि व्यापार में अनुशासन और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए उन व्यापारियों के नाम उजागर करें, जो कपड़ा व्यापार में गलत मानसिकता और धोखाधड़ीपूर्ण गतिविधियों से संलग्न हैं। ऐसे व्यापारियों के नाम पारस्परिक सहयोग से उजागर कर उन्हें दोनों मण्डियों में ब्लैकलिस्ट किया जाए और उनकी जानकारी सार्वजनिक की जाए। इससे ईमानदार व्यापारियों को सुरक्षा मिलेगी और पूरे व्यापार जगत में अनुशासन एवं विश्वास का वातावरण बनेगा। उक्त बैठक देशभर के मैन्युफेक्चरिंग मण्डियों के कपड़ा संगठनों के बीच आपसी एकजुटता, सूचनाओं के आदान-प्रदान और जिम्मेदार व्यापारीक संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में सार्थक कदम सिद्ध होगी। इस बैठक में फोस्टा अध्यक्ष श्री कैलाश हाकिम, कलकत्ता साड़ी डीलर एसोसिएशन अध्यक्ष श्री प्रदीप खेतान, मस्कती क्लोथ मार्केट महाजन अध्यक्ष श्री गौरांग भगत, बनारसी वस्त्र उद्योग एसोसिएशन अध्यक्ष श्री देवन्द्रमोहन पाठक उपस्थित रहें।

# कपड़ा कारोबारियों को त्योहारी सीजन में अच्छी बिक्री की उम्मीद

## गारमेण्ट कपड़ों की मांग से बाजार में सुगबुगाहट

**मुम्बई/ रमाशंकर पाण्डेय**

त्योहारों का महीना शुरू होने और गारमेण्ट के निर्यात कारोबार में निरंतर अच्छी प्रगति होने से कपड़ा बाजार का सेंटीमेंट बदला है। यद्यपि बाजार में कामकाज कम है। पावरलूम कपड़ों में उत्पादन पहले की तुलना में कुछ बेहतर हुआ है, तथापि अभी उत्पादन क्षमता 50 प्रतिशत से नीचे ही है। रूई महंगी होने के बाद कॉटन यार्न मजबूत है। सूती एवं सिंथेटिक कपड़ों में इस समय उठाव अच्छा नहीं होने से वीवर्स कपड़ों का उत्पादन नही बढ़ा रहे हैं। भिवंडी में प्लेन कपड़ों की मांग निकली है। अगस्त महीने से कपड़ों में त्योहारी मांग खुलने की संभावना है, विशेषकर गारमेण्ट कपड़ों में हलचलें बढ़ी है।

वैश्विक बाजार में मैनमेड फैब्रिक्स की मांग अधिक है, जबकि देश में कॉटन आधारित कपड़ों की खपत अधिक होने से कॉटन कपड़ों के उत्पादन पर जोर रहता है। सिंथेटिक कपड़ों में कारोबार की अच्छी संभावना है। वहीं पॉलिएस्टर कपड़ों के उत्पादन में सूरत की अलग पहचान है, जिसमें सभी वैरायटी के कपड़ों का उत्पादन शामिल है। सूरत में पहले साड़ियों के साथ ड्रेस मटीरियल का कारोबार अधिक होता था, परंतु अब यहाँ उद्योग विविधीकरण की ओर कदम बढ़ाना शुरू किया गया है। कपड़ा उद्योग को स्थानीय एवं निर्यात कारोबार का सहयोग मिलना शुरू हो जाए, तो बाजार का समीकरण अपने-आप बदलने में देर नहीं लग सकती है।

अगस्त महीने में त्योहारों के शुरू होने से कपड़ा बाजार में अच्छी ग्राहकी चलने की उम्मीद बढ़ी है। इस बार बारिश अच्छी होने से देसावरी बाजारों में कपड़ों की मांग बढ़ने का अनुमान से बाजार पूरी तरह से सकारात्मक हो गया है। मंदी का दबाव झेल रहे कपड़ा कारोबारियों को त्योहारी सीजन में अच्छी बिक्री होने की उम्मीद है। कारोबारियों का कहना है कि दीपावली तक कपड़ा बाजार में त्योहारी ग्राहकी का सीजन रहेगा। दीपावली बाद नवम्बर महीने से वैवाहिक सीजन की ग्राहकी कपड़ा बाजार में पूरजोर शुरू हो जाती है। रक्षाबंधन और तीज इत्यादि त्योहारों को ध्यान में रखते हुए रिटेलर्स ने नये स्टॉक अपनी दुकानों में भरने शुरू कर दिए हैं। रक्षाबंधन, जन्माष्टमी, गणेशोत्सव जैसे त्योहारों के लिए ग्राहकी की सुगबुगाहट बाजार में बढ़ने लगी है। सूटिंग और शर्टिंग की मांग स्थिर है, तथापि मिलों की सूटिंग-शर्टिंग में ऑफ सीजन में अच्छी बुकिंग मिली है। गारमेण्ट इकाइयों में भरपूर निर्यात ऑर्डर होने से गारमेण्ट कपड़ों की मांग सुधरी है। यह कपड़ा बाजार के लिए गेमचेंजर हो सकता है। फैंसी साड़ियों में ग्राहकी बढ़ी है। ड्रेस मटीरियल की मांग ठीक है। नई डिजाइनों एवं उत्पादों की ओर ग्राहकी का रूझान है। मिलों में कपड़ों का उत्पादन निर्धारित क्षमता पर होने से तैयार कपड़ों का बाजार में कोई अभाव नही है। नई वैरायटी के लिए ऑर्डर मिलों को मिल रहे हैं।

भारत और यूके के बीच हुए एफटीए से अपेरल एवं होम टेक्सटाइल को फायदा होने का अनुमान है। यूके के बाजारों में भारत के उत्पादों के लिए शुन्य टैरिफ होने से बांग्लादेश, तुर्की और वियतनाम जैसे प्रतिस्पर्धी देशों के साथ प्रतिस्पर्धा करने की क्षमता बढ़ी है। अमेरिकी एवं यूरोपियन यूनियन की धीमी मांग के बीच बाजार विविधीकरण के बतौर यूके एक मजबूत विकल्प देता है। अमेरिका ने भारत पर टैरिफ बढ़ाने का ऐलान किया है, इसका कारोबार पर कितना असर होगा, इसका अंदाजा लगाना कठिन है, लेकिन अमेरिकी टैरिफ भारत पर दबाव बनाने की रणनीति का हिस्सा है। भारत अपनी सुविधा और संबंधित क्षेत्र के उद्योगों के संरक्षण को ध्यान में रखते हुए अमेरिका के साथ ट्रेड डील करना चाहता है। एक ओर इस बारे में कई स्तर की बातचीत हो चुकी है, वहीं दूसरी ओर 25 अगस्त को अमेरिकी प्रतिनिधी मंडल बातचीत करने के लिए भारत आ रहा है। इस बीच भारतीय उत्पादों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लादकर अमेरिका भारत को क्या संदेश देना चाहता है। इन सब के बीच अभी तक अमेरिका में भारत का निर्यात हिस्सा बढ़ रहा है और चीन का हिस्सा घट रहा है।

# विश्व बाजार में कॉटन नीचे : चीन की कमजोर मांग का असर

**नई दिल्ली/ राजेश शर्मा**

चीन की कमजोर मांग और अमेरिका में कॉटन की खड़ी फसल की स्थिति अच्छी होने के कारण गत सप्ताह लगातार चौथे सप्ताह न्यूयार्क कॉटन गिरावट में रहीं तथा काफी समय बाद दिसम्बर वायदा 67 सेंट से नीचे पहुँचा और 66.36 सेंट पर बंद हुआ। सप्ताह के दौरान न्यूयार्क दिसम्बर वायदा 1.87 सेंट की गिरावट के साथ बंद हुआ। जुलाई माह के दौरान न्यूयार्क कॉटन में गिरावट रहीं और सभी अनुबंध नीचे बंद हुए। अक्टूबर अनुबंध तो 3.1 प्रतिशत तक गिर गया।

जानकारों का कहना है कि अमेरिका द्वारा चीन से आयात पर टैरिफ लगाने के बाद से ही न्यूयार्क में कॉटन के भाव में गिरावट आ रही है। हालांकि अमेरिका और चीन के बीच टैरिफ को लेकर बातचीत चल रही है और ट्रंप प्रशासन ने नवम्बर तक के लिए टैरिफ रेट पर रोक लगा दी है, लेकिन चीन अमेरिका से कॉटन की खरीद नहीं कर रहा है तथा वर्ष 2025-26 सीजन के लिए अभी तक कोई सौदा नहीं किया है। उल्लेखनीय है कि चीन कॉटन का सबसे बड़ा उत्पादक और सबसे बड़ा उपभोक्त ा देश है। जानकारों का कहना है कि अमेरिका द्वारा टैरिफ युद्ध आरंभ किए जाने के कारण विश्व में आर्थिक मंदी का खतरा भी मंडराने लगा है एवं इससे चीन में कॉटन की मांग प्रभावित हुई है और भाव में गिरावट आ रही है। अमेरिका में कॉटन की फसल के लिए मौसम अनुकूल होने और खड़ी फसल अच्छी होने के कारण भी न्यूयार्क कॉटन वायदा पर दबाव बना हुआ है।

अमेरिका में कॉटन उत्पादन में बढ़ोतरी की संभावना बनी हुई है। जानकारों का कहना है कि यदि चीन की यहीं स्थिति बनी रही, तो आगामी महीनों में न्यूयार्क में कॉटन के भाव गिरकर 63 सेंट तक आ सकते हैं, क्योंकि जहाँ एक ओर विश्व में सप्लाई बढ़ने का अनुमान है, वहीं चीन से प्रमुख आयातक देश में कॉटन की खपत कम हो सकती है।

**निर्यात-** जानकारों का कहना है कि एक जुलाई को समाप्त हुए वर्ष 2024-25 के दौरान अमेरिका से कॉटन का निर्यात लक्ष्य के अनुसार ही होने का अनुमान है, लेकिन वर्ष 2025-26 के दौरान इसमें गिरावट आ सकती है। व्यापारियों का कहना है कि चीन को आस्ट्रेलिया, ब्राजील आदि से कॉटन का आयात सस्ता पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि हाल में ब्राजील विश्व में कॉटन के बड़े निर्यातक के रूप में उभरा है और उसने अमेरिका को पीछे छोड़ दिया है।

ब्राजील अब बांग्लादेश, चीन, वियतनाम, पाकिस्तान, भारत आदि को कॉटन का निर्यात कर रहा है। ब्राजील में गत कुछ वर्षों में कॉटन का उत्पादन तेजी से बढ़ रहा है, जबकि खपत केवल नाममात्र की है और अधिकांश मात्रा का निर्यात किया जा रहा है। अमेरिका से व्यापार विवाद के बाद चीन ने कॉटन का आयात अन्य देशों से करना आरंभ कर दिया है। चीन अब ब्राजील, आस्ट्रेलिया आदि से अधिक मात्रा में कॉटन का आयात कर रहा है, क्योंकि वहाँ से कॉटन सस्ती पड़ रही है। इसी बीच चीन में कॉटन वायदा में गिरावट का दौर बना हुआ है तथा भाव गिरकर 33 माह के सबसे निचले स्तर पर पहुँच गए हैं।

# त्योहारी सीजन की तैयारी में लगे व्यापारी

**आकोला/ राजेश सोजतिया**

विदर्भ क्षेत्र में बरसात के मौसम के बाद व्यापारी आगामी सीजन रक्षाबंधन, स्वतंत्रता दिवस और गणेशोत्सव की तैयारी में लग गए हैं। इस समय भाई-बहिन का प्रसिद्ध त्योहार रक्षाबंधन है, जिस पर लेडीज आयटमों में साड़ियों की ग्राहकी ही जोरदार रहती है। साथ ही साड़ियों का व्यापार 12 माह तक चलता रहता है फिर 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस है, जिस पर झंडे के कपड़े की डिमांड रहती है और तैयार झंडे भी खूब सेल होते हैं। विदर्भ क्षेत्र का प्रमुख त्योहार गणेशोत्सव भी बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है, जिसमें गणेशजी के मंडप के डेकोरेशन का कपड़ा जबरदस्त सेल होता है। इस त्योहार की राह स्थानीय लोग सालभर से देखते रहते हैं। आगामी त्योहारों के कारण कपड़े के व्यापार में रौनक आने की उम्मीद है। फिलहाल मार्केट के हालात बहुत सुस्त है, जहाँ न व्यापार है, न पैसा है, न माल की डिमांड है। इसलिए काफी समय से कपड़े का व्यापार मंद है। अतः बरसात की स्थिति को देखने हुए लगता है कि आने वाला समय बढ़िया रहेगा।

# यार्न मार्केट में तेजी से कपड़े की रेट में बढ़त

**सोलापुर/ भागचंद कोचर**

सोलापुर और महाराष्ट्र में यार्न मार्केट में तेजी आने से कपड़े की रेट में इजाफा देखने को मिल रहा है। इस बढ़ोतरी का सबसे ज्यादा असर स्कूल यूनिफॉर्म व्यवसाय पर पड़ा है। स्कूल यूनिफॉर्म ऐसा व्यापार है जिसकी बुकिंग दो-तीन महीने पहले हो जाती है। मैन्युफेक्चरर्स अपनी पार्टियों को उसी समय रेट दे देते हैं, जिस समय कपड़े के दाम स्थिर रहते हैं, लेकिन बाद में रेट बढ़ जाने से मैन्युफेक्चरर्स को नुकसान झेलना पड़ता है। वर्तमान में कई मैन्युफेक्चरर्स को पहले से लिए गए ऑर्डर्स की वजह से नुकसान में माल बेचना पड़ रहा है। व्यापारियों की मांग है कि यार्न सप्लाई करने वालों पर सरकार द्वारा रेट को लेकर नियंत्रण करना चाहिए, क्योंकि इसका असर सीधा उपभोक्त ाओं तक पहुँचता है। रेट में तेजी आने पर व्यापारी तो लाभ में रहते हैं, मगर मैन्युफेक्चरर्स को भारी नुकसान उठाना पड़ता है। इस समय व्यापार अच्छा चल रहा है और नकद व्यापार करने वालों के लिए पेमेंट की आवक भी ठीक है, लेकिन उधार व्यापार करने वालों के लिए पेमेंट की वसूली अनिश्चित बनी हुई है। व्यापारियों को उम्मीद है कि आने वाले महीनों में शादी-ब्याह के सीजन और दीपावली तक कारोबार अच्छा रहेगा।


यारों का यार
मेरा भाई सुपर स्टार

बिछड़े कुछ इस अदा से कि रुत ही बदल गई।
वह शख्स सारे जहाँ को वीरान कर गया।

आदरणीय भाई साहब, आप जहाँ भी है, हमारे दिलों में सदैव जीवंत रहेंगे।
आपकी प्रेरणा एवं आशीर्वाद से सत्य पथ पर चलने का मंत्र,
नियत कर्मपथ की राह पर निरंतर दायित्व निर्वहन की
दृढ़ संकल्पित प्रेरणा जीवनपर्यंत हमारे जहन
और मन मस्तिष्क में समाहित रहेगी,
परंतु हमारे जीवन में आपकी रिक्तता सदैव अपूर्ण रहेगी।

श्रद्धानवत
आपका डाईफैब परिवार, श्री महावीर सिंह राठौड़
A-30, कमला विहार

प्रथम पुण्य स्मरण



स्व. श्री संजय जी सरीन
अवतरण : 3 अक्टूबर 1965
निर्वाण : 8 अगस्त 2024

DYEFAB PRESSURE TECHNOLOGY INDIA PVT. LTD.

DYEFAB™
HEAD OFFICE & FACTORY: G1-215,216 Riico Growth Centre, Swaroopganj, Bhilwara-311001
SURAT OFFICE: Plot no. 20,21 Surat, Kadodra Road, Near Radhey kanta, Vareli, Palsana Surat
Mob. 8107454986 7073496670, Email: dyefab_001@yahoo.com

भरोसे की परम्परा
SGS
SUITING • SHIRTING

# मनाली में उत्साह के साथ अनवरत जारी










कुल्लू-मनाली/ हिमाचल प्रदेश की खुबसूरत वादियों में परिवार सहित आनंद लेते हुए टेक्सटाइल एवं अपेरल ब्राण्ड 'एसजीएस' के व्यापारियों में उत्साह भरा है। भरोसे की परंपरा का निर्वाह करते हुए एसजीएस ने हमेशा अपने व्यापारियों के लिए अनेक बेहतरीन जगहों पर कॉन्फ्रेंस की है। इसी कड़ी में इस वर्ष कम्पनी द्वारा कुल्लू-मनाली के पाँच सितारा रिवर ग्रैंड एवं मनाली इन होटल्स में मेगा कॉन्फ्रेंस 8 जुलाई से अनवरत 7 अगस्त 2025 तक चल रही है। इस कॉन्फ्रेंस में देशभर के व्यापारी सपरिवार पहुँचकर एक आत्मीय माहौल में जोश एवं उत्साह के साथ बुकिंग करा रहे हैं।

**डिजिटल पर विशेष जोर-** इस वर्ष कम्पनी द्वारा अपने डिजिटल ट्रेड पर कार्य करते हुए यार्न से लेकर फिनिश तक की पूरी उत्पादन प्रक्रिया की वीडियो बनाकर सभी व्यापारियों के साथ साझा की गई, जो कम्पनी की कार्यकुशलता, तकनीक, गुणवत्ता एवं दूरदर्शिता को दर्शाती है और एसजीएस एवं व्यापारियों की प्रगाढ़ता को बढ़ाती है।

**टॉप टेन अवॉर्ड से सम्मानित -** कम्पनी के डायरेक्टर श्री किशोर राठी ने बताया कि इस मेगा कॉन्फ्रेंस के दौरान हर ग्रुप से 129 थान या उससे अधिक की बुकिंग कराने वाले तीन विशिष्ट व्यापारियों को मंच पर सम्मानित किया जा रहा है, जिससे उनकी मेहनत एवं कार्य के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को मंच पर सराहा जा सके। कम्पनी द्वारा व्यापारियों को प्रोत्साहित करने के लिए स्पॉट बुकिंग स्कीम भी दी गई है।

**नये डवलपमेण्ट की विस्तृत रेंज का भव्य डिस्प्ले-** इस मेगा कॉन्फ्रेंस में कम्पनी द्वारा अनेक डवलपमेण्ट पेश किए गए, जिसमें इम्पोर्टेड यार्न से निर्मित फाइन क्वालिटी में रॉयल टीआर, टेसिनी में रॉयल्टी एवं जगुआर, टीआर पोली विस्कोस, पोली विस्कोस लाइक्रा व 4 वे लाइक्रा, टेसीनी ब्राण्ड में अनेक नयी क्वालिटियां, शर्टिंग फैब्रिक की विशेष रेंज भी डिस्प्ले की गई, जो व्यापारियों को खूब पसंद आई है। साथ ही जोड़ी पैकिंग में सफारी, पेपर बॉक्स जो उपभोक्त ाओं को काफी आकर्षित करता है। कम्पनी द्वारा बेलीनी ब्राण्ड में 100 प्रतिशत कॉटन, कॉटन लिनन, ब्लैंडेड कॉटन और रेयॉन जैसी प्रीमियम शर्टिंग रेंज का भव्य डिस्प्ले किया गया जिसे जमकर बुकिंग मिली। कम्पनी के रेडीमेड गारमेण्ट ब्राण्ड जोड माइनर बाजार में तेजी से अपने कदम बढ़ा रहा है। वर्तमान में यह तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश, बंगाल, उड़ीसा, महाराष्ट्र और राजस्थान में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा चुका है।

**अनेक ग्रुप में व्यापारियों ने लिया भाग-** कम्पनी ने अपने व्यापारियों को परिवार सहित कॉन्फ्रेंस में बुलाया तथा बुलाकर उन्हें पारिवारिक माहौल से जोड़ दिया। कम्पनी के निर्धारित शेड्यूल के अनुसार देशभर के अलग-अलग राज्यों से डीलर्स अपने रिटेलर्स ग्रुप के साथ यहाँ पहुँच रहे हैं। प्रत्येक ग्रुप द्वारा विधिवत दीप प्रज्वलित, बुकिंग प्रक्रिया, साइट सीन के साथ मनोरंजनात्मक कार्यक्रम को बहुत ही सुंदर एवं व्यवस्थित तरीके से आयोजित किया है।

**प्रत्यक्ष रूप से किया विजिट-** SGS की यात्रा 2025 कुल्लू-मनाली की इस कॉन्फ्रेंस के टेक्सटाइल वर्ल्ड द्वारा प्रत्यक्ष रूप से विजिट किया, जहाँ पाया गया कि इस एक माह से अनवरत चल रहीं कॉन्फ्रेंस में पूरा पारिवारिक माहौल देखने को मिला। कम्पनी द्वारा प्रत्येक व्यापारी के लिए अच्छी व्यवस्था देखी गई। मानों व्यापारी यहाँ व्यापार करने नहीं, बल्कि इस आनंदमय कॉन्फ्रेंस का भरपूर मजा लेने अपने परिवार के साथ आया हो। कम्पनी द्वारा खाने-पीने, मनोरंजन, साइड सीन, खेलकूद, चाय-नाश्ता एवं हाई-टी सहित अनेक सुविधाओं की शानदार व्यवस्था की जाती है, जो भरोसे को दर्शाती है। आज एसजीएस भरोसे की परंपरा के साथ आगे बढ़ रही है। इसलिए हर राज्य का व्यापारी एसजीएस की कॉन्फ्रेंस में भाग लेता है।

















WILL SOON BE
DRESSING INDIA WITH ITALIAN FASHION
FEDERICO FRAGNITO ALL SET TO UNVEIL ITS PREMIUM TR SUITING COLLECTION IN INDIA

**Smooth Finish:** TR fabrics, are known for their silky smooth texture, which gives suits a refined and polished look.
**Durability:** The Terylene component makes the fabric resistant to wrinkles and shrinking, ensuring that the suit maintains its shape even after long hours of wear.
**Breathability and Comfort:** Rayon contributes to the fabric's softness and breathability, making it more comfortable than 100% synthetic fibers.
**Color Retention:** Our TR fabrics are made by dope dye polyester weave, ensuring the fabric retains and absorbs its colours perfectly The fabric is all weather suitable for casual, office-wear, parties and weddings.

FOR DEALERSHIP ENQUIRIES CONTACT: MR. MAHESH DHUMAS +91 89800 48385

FEDERICO FRAGNITO
5th Floor, Gopal Bhawan, 199 Princess Street, Mumbai - 400 002 (MH) India; Tel.: +91 22 6633 6571 - 75
Customer Care: +91 22 6633 6576 | info@federicofragnito.com | www.federicofragnito.com

# सम्पादकीय....

## मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता आवश्यक

स्वस्थ रहना हमारी स्वाभाविक स्थिति होनी चाहिए, लेकिन समकालीन परिवेश में अधिकांश लोगों के लिए यह संभव नही हो पा रहा है। शारीरिक रोगों को तो आसानी से पहचान लिया जाता है, परंतु मानसिक रोगों की पहचान और इलाज के लिए विशेष प्रशिक्षण और अध्ययन की आवश्यकता होती है। मनोचिकित्सा को विषय के रूप में मेडिकल कॉलेजों में साइकियाट्री के अंतर्गत रखा जाता है। इसी से जुड़े विषय क्लिनिकल साइकोलॉजी और काउंसलिंग भी हैं, जो मनोविज्ञान विषय के अंग हैं। भारत में मानसिक स्वास्थ्य सुविधाएं जनसंख्या की दृष्टि से बहुत कम और अपर्याप्त हैं। क्लिनिकल साइकोलॉजी के अध्ययन की कुछ चुनिंदा संस्थाएं हैं, जहाँ जरूरी और प्रामाणिक प्रशिक्षण दिया जाता है। इस दृष्टि से एमए करने के बाद क्लिनिकल साइकोलॉजी में एमफिल की एक प्रोफेशनल डिग्री का प्रविधान किया गया है। इसके अंतर्गत मानसिक स्वास्थ्य और उपचार के लिए छात्रों को गहन सैद्धांतिक और व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाता है। इसके द्वारा मानसिक रोगियों के उपचार के लिए प्रशिक्षुओं को थेरेपी देने के लिए योग्य बनाया जाता है।

नई शिक्षा नीति में एमफिल की डिग्री को बंद करने का फैसला लिया गया है। इसके फलस्वरूप अन्य विषयों की तर्ज पर क्लिनिकल साइकोलॉजी में भी एमफिल डिग्री को बंद करना होगा। इस एमफिल डिग्री की उपादेयता को अन्य विषयों में एमफिल के बराबर रखकर देखना घातक है। इसे बंद करने से मानसिक स्वास्थ्य की देखरेख के लिए जो भी थोड़े बहुत मानव संसाधन तैयार हो रहे थे, वह क्रम रूक जाएगा। यह समाज के लिए बड़ा घातक होगा, इस पर पुनर्विचार करे।

मानसिक परेशानी के चलते शारीरिक बीमारियां भी होती हैं। इसी तरह शारीरिक रोग से मानसिक रूग्णता पैदा होती है। शरीर और मन को अलग रखना गलत है, क्योंकि स्वास्थ्य और बीमारी, दोनों ही स्थितियों में ये एक संयुक्त इकाई के रूप में ही काम करते हैं। आज बेरोजगारी, सामाजिक अन्याय, पारिवारिक विघटन, जीवन-हानि और गरीबी जैसी स्थितियां आम आदमी के मानसिक स्वास्थ्य के लिए चुनौती बनती जा रही हैं। कंप्यूटर, इंटरनेट और कृत्रिम बुद्धि जैसे तकनीकी हस्तक्षेपों के चलते कामकाज अधिकाधिक स्वचालित होते जा रहे हैं। स्मार्टफोन जैसे उपकरणों के नए-नए मॉडल शान-शौकत के प्रतीक बनते जा रहे हैं। ऐसे उपकरणों के न होने पर आदमी की हैसियत कम आंकी जाती है, जो मानसिक रोग का एक कारण बन रही है। वैश्विक स्तर पर हुए स्वास्थ्य-सर्वेक्षणों में दुश्चिंता, फोबिया, बाई-पोलर डिसऑर्डर आदि मनोरोगों से ग्रस्त लोगों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। इसके चलते लोग मादक द्रव्य, तम्बाकू, मद्यपान और विभिन्न ड्रग्स का सेवन भी तेजी से कर रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट इक्कीसवीं सदी में स्वास्थ्य का भयावह चित्रण कर रही हैं। प्रौढ़ जनसंख्या में एक-तिहाई लोग अनिद्रा से ग्रस्त हैं। वर्ष 1999 के बाद आत्महत्या के मामलों में लगभग 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। भारत में वर्ष 2017 में हुए एक सर्वेक्षण में हर सात में से एक व्यक्ति को किसी न किसी मनोरोग से ग्रस्त पाया गया था।

हमारा शरीर साध्य भी है और मानसिक अस्तित्व का साधन भी। इसी तरह महात्मा बुद्ध अधिक और कम के बीच का मार्ग अपनाने को कहते हैं। लोक-व्यवहार में भी 'अति' वाला आचरण वर्जित माना जाता है। बड़े-बूढ़े अब भी संतुलित जीवन की हिदायत देते हैं। स्वस्थ रहने के लिए जीवनशैली में बदलाव और रोग की स्थिति में उसकी उपेक्षा न कर उसका समाधान करना आवश्यक है। आशा है देश की आवश्यकता को देखते हुए मानसिक स्वास्थ्य के लिए लोक जागरण के साथ उसके अध्ययन की सुविधाओं का विस्तार करने पर भी ध्यान दिया जाएगा।

### कुछ नया, कुछ अलग •

# सच्चा धर्म वही है, जिसमें हो दूसरों के प्रति दया, करूणा और सहानुभूति



श्री हरेश मेहता
प्रेसीडेन्ट-यश कॉटन कॉरपोरेशन
(प्रसिद्ध मार्केटिंग गुरू)

नमस्ते मित्रों,
आधुनिक जीवन आज अत्यंत तेज रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। हर कोई सफलता की दौड़ में शामिल है। इस भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग अपने-अपने जीवन में इतने व्यस्त हो चुके हैं कि अब दूसरों के साथ दो घड़ी रूककर बात करना या बिना किसी स्वार्थ के किसी की मदद करना दुर्लभ हो गया है। जीवन में प्रतिस्पर्धा इस हद तक बढ़ चुकी है कि लोगों के भीतर द्वेष और ईर्ष्या की भावना दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। ऐसे माहौल में प्रतीत होता है कि लोगों के भीतर से दूसरों के प्रति दया, करूणा, सहानुभूति और संवेदनशीलता जैसे मानवीय गुण धीरे-धीरे कम होते जा रहे हैं।

हमारे समाज में एक विचित्र विरोधाभास देखने को मिलता है। लोग बड़ी-बड़ी होटलों, मॉल्स या ब्राण्डेड शोरूम में बिना झिझक हजारों रूपये खर्च कर देते हैं। विदेशी कॉफी शॉप में महंगी कॉफी पीते हैं, लेकिन वहीं लोग गरीब ठेले वाले, सब्जीवाले या रेहड़ी वाले से दो-पाँच रूपये के लिए मोलभाव करते दिखाई देते हैं। यह हमारे समाज मे संवेदनशीलता में आई गिरावट को दिखाता है। हम भूल जाते हैं कि एक सामान्य ठेलेवाला दिनभर कड़ी मेहनत करके ईमानदारी से रोजी-रोटी कमाता हैं। उसके लिए हर एक रूपया मायने रखता है। वहीं रूपया उनके बच्चों की पढ़ाई, दवाई या दो वक्त की रोटी का जरिया बन सकता है।

हमारी सनातन संस्कृति में दया को धर्म का मूल माना गया है। केवल पूजा-पाठ और यज्ञ-हवन करना ही धर्म नहीं है। ईश्वर की प्राप्ति के लिए आपको दयालु बनना होगा। दूसरों के प्रति दया, करूणा और सहानुभूति का भाव रखना होगा। दूसरों के दुःख को अपना समझकर उसका समाधान करना ही सच्चा धर्म है। सच्चा धार्मिक इंसान वही है जिसकी आँखों में दूसरों के लिए करूणा हो और जिसके हाथ हमेशा मदद के लिए आगे बढ़ते हों। जब हम किसी दुःखी के आँसू पोंछते हैं, भूखे को अन्न देते हैं और किसी असहाय व्यक्ति की मदद करते हैं, तब हम सच्चे अर्थ में धर्म का पालन कर रहे होते हैं।

जब आप किसी जरूरतमंद इंसान की मदद करते हैं, तब उसके चेहरे पर जो कृतज्ञता झलकती है उसे शब्दों में व्यक्त करना असंभव है। ऐसा संतोष ना तो किसी पद से मिलता है, ना धन- संपत्ति से और ना ही किसी प्रशंसा से। भूख से तड़पते बच्चों को भोजन खिलाकर, ठिठुरती सर्दी में कांपते किसी निर्धन को एक कंबल ओढ़ाकर, तपती धूप में मजदूरी कर रहे मजदूर को एक गिलास पानी पिलाकर या किसी बुजुर्ग व्यक्ति को हाथ पकड़कर सड़क पार कराने से जो संतोष मिलता है, वह किसी भी पुरस्कार या सम्मान से कहीं बढ़कर होता है। सच्चा धर्म यही है और यही आपको आत्मसंतुष्टि की अनुभूति कराता है।

यदि हम भारतवर्ष के इतिहास पर नजर डालें तो हमें यह स्पष्ट रूप से देखने मिलता है कि हमारे यहाँ जितने भी महापुरुष हुए हैं, उन सभी ने दया, करूणा और मानवता का संदेश जन-जन तक पहुँचाया है। चाहे भगवान महावीर हों या भगवान बुद्ध, श्रीकृष्ण हों या मर्यादापुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम, स्वामी विवेकानंद हो या महात्मा गांधी, सभी ने दया और करूणा के मार्ग को ही जीवन का आदर्श माना। इन महापुरुषों का जीवन हमें सिखाता हैं कि सच्चा धर्म वही है, जिसमें दया, करूणा और सभी के प्रति समभाव होता है।

यदि कोई व्यक्ति चार धाम की यात्रा करे या प्रतिदिन पूजा-पाठ करे या यज्ञ-हवन और तीर्थाटन करें, परंतु जब किसी पीड़ित व्यक्ति की मदद करने का अवसर आए तब मुँह मोड़ ले, तो ऐसी धार्मिक क्रियाओं का कोई अर्थ नहीं रह जाता। ईश्वर को जल चढ़ाना, पूजा करना, व्रत रखना तभी सार्थक होता है जब हमारे भीतर दूसरों के प्रति करूणा, दया और सेवा का भाव हो और जब हम दूसरों की पीड़ा को समझ सकें। किसी पीड़ित और जरूरतमंद की मदद करना भगवान की सेवा करने के समान है। इसलिए हमारे यहाँ कहा गया है कि 'मानव सेवा ही माधव सेवा है।' ऐसा नहीं है कि किसी की मदद सिर्फ पैसे देकर ही की जा सकती है। मदद का मतलब केवल आर्थिक सहाय करना ही नहीं होता। आप महीने में एक बार किसी अस्पताल जाकर मरीजों से मिलिए, उनकी पीड़ा को समझिए, कुछ पल उनके साथ बिताइए। हो सकता है कि आप उनके लिए कोई दवा न ला सकें, लेकिन आपकी सहानुभूति और दिलासा उनके दिल को राहत पहुँचा सकता है। आज की बात का अंत मैं गोस्वामी तुलसीदास के एक दोहे के साथ करना चाहता हूँ -

**'दया धर्म का मूल है, पाप मूल अभिमान,**
**तुलसी दया न छाड़िए, जब लग घट में प्राण।'**

Email: harresh.mehta@yashcotton.com | Mobile +91 82916-71111

# उद्योग व्यापार मंडल ने जॉइंट कमिश्नर कार्यपालक को सौंपा ज्ञापन

**मुजफ्फरनगर/ अजय कुमार सिंघल**



संयुक्त कमिश्नर कार्यपालक जीएसटी राज्य कर श्री राजनाथ तिवारी ने व्यापार बंधु की काफी समय से बंद पड़ी मीटिंग बुलाने से पहले व्यापारियों की एक बैठक सिटी सेंटर स्थित जीएसटी कार्यालय में आयोजित की गई। इस बैठक में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल के नगर अध्यक्ष श्री अजय कुमार सिंघल ने एजेंडे में शामिल करने हेतु नगर के साथ-साथ पूरे जनपद की चौपट विद्युत व्यवस्था, शासन की मंशा के विपरीत अत्यधिक विद्युत कटौती, छोटी-छोटी गलतियों पर छोटे एवं मध्यम व्यापारियों पर उत्पीड़नात्मक कार्यवाही बन्द करने, नगर में ट्रैफिक पुलिस द्वारा चैकिंग के द्वारा दुपहिया वाहन चालकों का शोषण बन्द करने से संबंधित समस्याओं को बताया गया। साथ ही जीएसटी की विभिन्न समस्याओं के निराकरण हेतु एक ज्ञापन माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी के नाम जॉइंट कमिश्नर कार्यपालक को सौंपा गया। इससे पूर्व उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष श्री अशोक कंसल ने माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से जिले के अधिकारियों को व्यापार बंधु की मीटिंग बुलाकर उसमें व्यापारियों की समस्याओं का समाधान करने की मांग की थी। इस बैठक में शामिल होकर अपने मूल्यवान विचार रखने वालों में श्री अजय कुमार सिंघल नगर अध्यक्ष, श्री श्याम सिंह सैनी जिला महामंत्री, श्री राकेश गर्ग, अलका जी शर्मा, श्री दिनेश गिरी, श्री प्रवीण खेड़ा, श्री दिनेश बंसल, श्री रामपाल सेन, श्री पंकज गुप्ता, श्री निशांक जैन, श्री हिमांशु कौशिक आदि मौजूद रहें।

# ज्योतिर्विद द्वारा संचालित कालसर्प दोष एवं ग्रह शांति का भव्य यज्ञ संपन्न



**मुम्बई**

महानगर के कुर्ला पश्चिम स्थित हलावपुल परिसर के गौरीशंकर मंदिर प्रांगण के पास सावित्री ज्योतिष अनुसंधान केंद्र के तत्वावधान में किया जाने वाला कालसर्प दोष एवं ग्रह शांति यज्ञ लगातार 19 वें वर्ष बड़े ही धूमधाम से 29 जुलाई को संपन्न किया गया। जिसमें संस्था के मुख्य संचालक काशी के सुप्रसिद्ध ज्योतिर्विद डॉ. बालकृष्ण मिश्र के सूत्रधार और मार्गदर्शन में अनेक सुधीजन एवं अतिथिजन सम्मिलित हुए। जिनमें डॉ. आदित्य नारायण मिश्र, श्री कृष्ण मिश्र, प्रीतीशराज चतुर्वेदी, जितेंद्र दीनानाथ तिवारी, लालधर तिवारी, सत्येंद्र मिश्र, जितेंद्र तिवारी आदि आचार्यों ने कार्यक्रम में अपने मंत्रोच्चार, वेद मंत्रों आदि से सहयोग देकर कार्यक्रम को यादगार बनाया।

गौरतलब है कि कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ. दयानंद तिवारी जी एवं श्री विमलधर दूबे जी ने अखंड दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की, जिससे यज्ञ में मुख्य यजमान के रूप में श्री सौरभ राय पत्नी के साथ हैदराबाद से तथा अन्य पंजीकृत यजमान मुम्बई के समस्त क्षेत्रों तथा उपनगरीय इलाकों के अलावा उत्तर प्रदेश के अयोध्या तथा बिहार के भी अधिकांश यजमानों ने पंजीकरण कराकर लाभान्वित हुए। इस आयोजन में मुम्बई के गणमान्य विशेष अतिथि के रूप में आचार्य श्री पवन त्रिपाठी कोषाध्यक्ष (सिद्धिविनायक मंदिर ट्रस्ट) सहित हजारों की संख्या में शिवभक्त उपस्थित हुए।

कार्यक्रम के अंतर्गत संस्था द्वारा समाज को सनातन धर्म से जोड़ने के लिए कालदर्पण कैलेंडर के पोर्टल का भी शुभारंभ त्रिपाठी जी के करकमलों द्वारा कराया गया, जिस दरम्यान उन्होंने उपस्थित लोगों को बताया कि यह पोर्टल समाज को नई दिशा देने में कारगर साबित होगा। इस आयोजन में ज्योत जागरण भजन संध्या की मुख्य गायिका श्रीमती लता सागर सिंह, सुजीत गौतम (सुर संग्राम विजेता)आदि ने अपनी पूरी टीम और सहयोगियों के साथ भजनों से भक्तों को आनंदित कर दिया। साथ ही कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था की जिम्मेदारी श्री सागर सिंह, पद्माकर हबीब, जीप्पी पाण्डेय, सुशील मिश्रा आदि ने अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाकर कार्यक्रम को पूर्ण कराने में सफल योगदान दिया। अंत में डॉ. मिश्रा जी ने आए हुए सभी भक्तों, सहयोगियों तथा मीडिया के लोगों को शुभकामनाएं देते हुए आभार व्यक्त किया और मनोकामना पूर्ण करने की भगवान शिव से प्रार्थना भी की।




### C.T.M.
PH. 247511, 247512, 9829045130

| | |
|---|---|
| 2/30 NTBL | 228 |
| 2/18 Dyed | 236 |
| 2/40 Dyed | 268 |
| 2/30 Frosted | 225 |
| 2/30 Dyed Slub | 228 |
| 2/30 School Dress Clourer | 228 |

### R.T.M Mob: 9829047404

| | |
|---|---|
| 2/30 Dyed Ntbl | 219 |
| 2/40 Dyed | 260 |
| 2/30 Frosted | 218 |

### SRM Spinners Mob. 8078660873

| | |
|---|---|
| 2/18 PV Diamond | 165 |
| 2/18 PV Navy 85:15 | 175 |
| 2/18 PV Black 70:30 | 194 |
| 2/18 R Navy 70:30 | 187 |
| 1/15 Poly Black | 129 |
| 20 PV Black | 151 |
| 15 PV Black | 147 |
| 2/30 PV 65/35 Black | 192 |

### PANIPAT YARN- 9416031498

| | |
|---|---|
| **TEXTURISE** | |
| 150 Roto Grey. | 106-148 |
| 150 Roto Black. | 107-150 |
| 150 Roto Bright. | 122-140 |
| 150/250 grey. | 111-160 |
| 150/250 dyed | 123-166 |
| 150 FDY. | 126 |
| **P.V. Yarn** | |
| 2/20 Grey CL | 133 |
| 2/40 POLY | 180 |
| 2/15 Poly Grey | 126 |
| 2/20 Poly CL | ----- |
| 20 Poly CL | 122 |
| **Cotton Yarn** | |
| 4 cone OE | 55-116 |
| 6 cone. OE | 62-164 |
| 10 cone OE | 84-118 |
| 2/4 cone OE | 89-163 |
| 2/6. OE | 100-175 |
| 2/8 OE | 104-187 |
| 2/10 OE. | 114-226 |
| 2/20 OE. | 224-308 |
| 2/30 RF. | 310-428 |
| 2/40 RF | 310-432 |
| **STAPLE YARN** | |
| 10 CONE | 209 |
| 15 CONE | 211 |
| 20 CONE | 214 |
| 2/15 CONE | 217 |
| 2/40 CONE | 273 |

### Raghav Group (94141-11402)
Email: sheetal@raghavindia.com

**TRIDENT LIMITED**

| COUNT | RATE |
|---|---|
| 1/10 OE | 162 |
| 1/14 OE | 165 |
| 1/16 OE | 167 |
| 1/20 OE | 189 |
| 30 KW | 262 |
| 30 CWC 2 | 71 |
| 2/40 CW ELLY | 264 |
| 40 CW COMPACT | 320 |
| 50 CW COMPACT | 390 |

**SIDDHARTHA SUPER SPG MILLS**

| | |
|---|---|
| 2/15 P/V DYED OLIVE GREEN | 190 |
| 2/18 P/V BLACK | 172 |
| 2/30 P/V BLACK | 236 |

**LNJ DENIM**

| | |
|---|---|
| 6 OE | 164 |
| 7 OE | 166 |
| 10 OE | 170 |
| 10 LYCRA | 240 |
| 10 SLUB LYCRA | 255 |

### VISAKA IND. LTD.
PH. 93514-27900

| | |
|---|---|
| 2/20 Poly Grey@ | 156 |
| 2/24 Poly Grey@ | 162 |
| 2/30 Poly Grey@ | 167 |
| 2/40 Poly Grey@ | 194 |
| 2/60 Poly Grey@ | 255 |
| 2/76 Poly Grey@ | 313 |
| 2/30 PV Black @ | 216 |
| 2/40 PV Black @ | 256 |
| 2/30 PV HD Dyed @ | 243 |

### GORAKHPUR YARN PRAHALAD RAI & CO.
PH. 99358-27000

| | |
|---|---|
| **Ankur** | |
| 1/20 pv | NA |
| 1/15 pv | NA |
| 2/30 pv | NA |
| 1/30 pv | 170 |
| **Jaanvi** | |
| 1/15 psy | 125 |
| **Triveni** | |
| 2/40 pv | 218 |
| 2/30 pv | 186 |
| 1/20 pv | 158 |
| 1/15 pv | 152 |

### NEETA YARNS
Ph. 022-28335766, 093246-70428
(M) 98210-82022

**Fancy Yarn Per Kg**

| | |
|---|---|
| 2/60 PC (65/35) | ----- |
| 2/60 PVT | ----- |
| 2/60 Polyster | ----- |
| 2/76 Polyster | ----- |
| 2/60 P.V. | ----- |
| 2/60 P.C. | ----- |
| 150/48/400 Bright | ----- |
| 75/36/1450 Bright Rate | ----- |
| 65/36/600 Bright Rate | ----- |
| 100/36/1450 | ----- |

### MODTEX TEXTURISERS
PH. 246496, 98292-50430

| | |
|---|---|
| 150/400 Cone Dyed | -----+GST |
| 150 HIM Cone Dyed | -----+GST |
| 300 HIM Cone Dyed | -----+GST |

Cd : 3rs/kg

टेक्सटाइल वर्ल्ड समाचार पत्र प्राप्त करने के लिये सम्पर्क 9468835188

### RATAN BARJATIYA SPINNERS
Bhavit Jain: 9928913144

| | |
|---|---|
| **PV Yarn** | |
| 2/60 PV | 265 |
| 2/40 PV | 210 |
| 2/30 PV | 181 |
| 2/24 PV | 175 |
| 2/20 PV | 170 |
| 2/18 PV | 168 |
| 2/15 PV | 163 |
| **Recycled PV Yarn 70:30** | |
| 2/40 PV | 192 |
| 2/30 PV | 172 |
| **Polyester Yarn** | |
| 2/60 Poly | 235 |
| 2/40 Poly | 186 |
| 2/30 Poly | 158 |
| 2/24 Poly | 154 |
| 2/20 Poly | 148 |
| 2/15 Poly | 142 |
| **Recycled Polyester yarn** | |
| 2/40 recycled | 170 |
| 2/30 recycled | 152 |
| 2/20 recycled | 135 |
| 2/15 recycled | 130 |
| 1/15 recycled | 118 |
| **PC Yarn Combed (65:35)** | |
| 2/40 PC | 245 |
| 2/30 PC | 225 |
| **Black Yarn** | |
| 2/30 poly black | 155 |
| 2/30 pv 70:30 black | 195 |
| 2/47 poly magic | 170 |
| 2/47 pv magic | 188 |

# बारिश के चलते कपड़ा व्यापार प्रभावित

**माधवनगर/ सत्यनारायण पलोड**

देश में कई जगह भारी बरसात का कपड़ा व्यवसाय पर गहरा असर पड़ा है, जिसके चलते बाजार में सन्नाटा देखने को मिल रहा है। महाराष्ट्र, बिहार, उतर प्रदेश, राजस्थान, झारखंड आदि इलाकों में बाढ़ की स्थिति होने से आवागमन भी परेशानी का कारण बना हुआ है। कहीं पुलिया टूटी है, तो कहीं बेहिसाब बरसात लगातार हो रही है। हालांकि महाराष्ट्र और राजस्थान में अभी भी तबाही मचा रहा है। यार्न बाजार कुछ दिन से लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे बुनकर व कारखानदार असमंजस में है। कपड़े का उठव हो नहीं रहा है। कावड़ यात्रा की ग्राहकी अभी ठीक चल रही है। कावड़ियों का व्यापारी सेवा में अच्छा योगदान कर रहे हैं। रेडीमेड कारोबार में ग्राहकी अच्छी देखने को मिल रही है।

## अमेरिका द्वारा भारत... पृष्ठ 1 का शेषांश

वर्ष 2024 के दौरान अमेरिका कुल गारमेण्ट आयात में चीन की हिस्सेदारी वर्ष 2020 के स्तर 27.4 प्रतिशत से घटकर 21.9 प्रतिशत रह गई थी। भारत से कॉटन टी-शर्ट, महिलाओं या लड़कियों की ड्रेस, बच्चों के गारमेण्ट आदि का निर्यात प्रमुखता से किया जाता है। एक अनुमान के अनुसार भारत से निर्यात की जाने वाली कॉटन टी-शर्ट में से 9.71 प्रतिशत का निर्यात अमेरिका को किया जाता है।

**आयात-** कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन टेक्सटाइल इंडस्ट्री के चेयरमैन श्री राकेश मेहरा का कहना है कि अमेरिका ने भारत से आयात पर 25 प्रतिशत की दर से टैरिफ लगाकर देश के टेक्सटाइल सेक्टर के सामने एक कड़ी चुनौती खड़ी कर दी है, लेकिन साथ ही उन्हें आशा है कि दोनों देशों के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौता पूरा होने के साथ ही यह मामला हल हो जाएगा। अमेरिका भारतीय टेक्सटाइल और गारमेण्ट निर्यात के लिए सबसे बड़ा बाजार है और जनवरी-मई के दौरान अमेरिका को इनका निर्यात गत वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 13 प्रतिशत बढ़कर 4.59 बिलियन डॉलर का हो गया था। गत वर्ष इसी अवधि में निर्यात 4.05 बिलियन डॉलर का था। उनका कहना है कि निःसंदेह टैरिफ भारतीय उद्योग के सामने एक कठिनाई खड़ी कर देगा, क्योंकि अब अन्य देशों की तुलना में टैरिफ में कोई अधिक अंतर नहीं है।

जानकारों का कहना है कि ट्रंप ने अभी तक जुर्माने की दर की घोषणा नही की है। अगर जुर्माने की दर अधिक तय होती है तो टेक्सटाइल सेक्टर उद्योग संकट में आ सकता है, क्योंकि तब निर्यात बुरी तरह प्रभावित हो सकता है। श्री मेहरा का कहना है कि उनका संगठन व्यापार वार्ता को लेकर तालमेल कर रहा और आशा है कि इसका कोई हल निकल आएगा।

## टैरिफ से कॉटन... पृष्ठ 32 का शेषांश

इसमें से अब तक सीसीआई ने 71.40 लाख गांठ बेची है, जिसमें से 30.29 लाख गांठ मिलों ने और 41.11 लाख व्यापारियों ने खरीदी है। स्टॉक जानकारों का कहना है कि सीसीआई के पास लगभग 18.96 लाख गांठ कॉटन का स्टॉक तेलंगाना में, जबकि महाराष्ट्र में 2.86 लाख गांठ और गुजरात में 2.04 लाख गांठ होने का होने अनुमान है। **बुआई -** जुलाई अंत तक देश में कॉटन की बुआई लगभग 103.15 लाख हेक्टेयर पर हो चुकी थी, जो गत वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 2.37 लाख हेक्टेयर कम थी। गत वर्ष इसी अवधि में 105.52 लाख हेक्टेयर पर बुआई हो चुकी थी। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष हरियाणा और राजस्थान में बुआई कम होने के अनुमान हैं, जबकि पंजाब में कुछ सुधार हुआ है। कुल मिलकर उत्तरी भारत में बुआई कम हुई। व्यापारियों का मानना है कि सरकार द्वारा कॉटन के न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाने के बावजूद क्षेत्रफल में किसी खास वृद्धि की संभावना नही है। बुआई लगभग गत वर्ष के समान ही रहने का अनुमान है। देश में वर्ष 2024-25 के दौरान कॉटन का क्षेत्रफल इससे पूर्व वर्ष की तुलना में घटकर 113.6 लाख हेक्टेयर रह गया था। देश में कॉटन का औसत क्षेत्रफल 129.5 लाख हेक्टेयर है।

# कपड़ा मार्केट में कामकाज ठंडा

मुजफ्फरनगर/ अजय कुमार सिंघल...आलोच्य अवधि में मुजफ्फरनगर एवं आसपास के कपड़ा मार्केट्स में कामकाज मध्यम से हल्का कहा जा सकता है। कोई प्रमुख त्योहार, लग्न-सावा मुहूर्त न होने तथा बरसात का प्रतिकूल प्रभाव कामकाज में देखा जा सकता है। रिटेल में हल्के काम का असर अब थोक विक्रेताओं पर तुरंत आ जाता है। कुल मिलाकर बिना सिले वस्त्रों का व्यापार हल्के दौर से गुजर रहा है। रिटेल व्यापारी रेडीमेड गारमेण्ट्स अथवा कोई और काम करने लगे हैं। पहले कपड़े का काम सफेद पोश, अच्छा मुनाफा, कागजों की कम मगजमारी के लिए जाना जाता था, लेकिन अब कपड़े पर जीएसटी लागू होने के बाद कागजों का रख-रखाव बढ़ गया है। बाजार में सोशल मीडिया, टीवी सीरियल आदि से ग्राहक की चॉइस बहुत बढ़ गई है, लेकिन खरीददारी की क्षमता नहीं बढ़ी है। जिस कारण अधिकांशतः छोटा दुकानदार बिक्री कम होने से जल्द परेशानी में आ जाता है और काफी दुकानदारों की पेमेंट करने की स्थिति कमजोर हो जाती है। थोक बाजार पर इस तरह का संकट बराबर बना रहता है और यह जुलाई से सितम्बर तक विक्रेताओं पर बना रहता है। मुजफ्फरनगर के सुप्रतिष्ठित व्यापारियों सर्व श्री विनोद डाबर, सुदर्शन खरबंदा, मनोहर लाल ग्रोवर, गुलाटी जी, संजीव गोयल, मनोज गोयल, भंवर लाल, घनश्याम पालीवाल, अमित सिंघल, पवन बत्रा, इंद्र सुनेजा, सुशील छाबड़ा, अज्जू मदान, अशोक छाबड़ा, के पी त्यागी, अमृत राठी, लक्ष्मण रस्तोगी, वैभव खन्ना, अनिल नामदेव के अनुसार अगस्त पूरा माह देखभाल कर काम करने का है।



# बदलते विश्व मार्केट में अपनी सप्लाई चेन/ग्राहक को कैसे चुनें?



श्री सुनील भटनागर
प्रोफेसर एवं टेक्सटाइल कन्सलटेन्ट
सम्पर्क-74258 13125

**हाल ही भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री ने ब्रिटेन से FTA की सौगात, हमारे उद्योगों को आगे बढ़ने के अवसर के रूप में उपहार देकर सभी भारतीयों को गौरवान्वित करा है। अब यह हमारे पर है कि हम इन अवसरों को कैसे भुनाते है। एक बात तो तय है कि आज जीत के तरीके से ही आगे बढ़ा जा सकता है। प्रतिस्पर्धा करे, मगर जीतने के लिए, गलत रास्ता अख्तियार न करे। ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड क्रिकेट में आपने बॉडी लाइन सीरीज के बारे में सुना होगा। यहाँ अपने उत्पाद के लिए, अगर मार्केट खोज रहे है, तो निम्न बिंदुओं पर ध्यान देना होगा।**

**Case 1 :** चीन का दुर्लभ धातुओं की रणनीति से भारत पर असर।
**Case 2 :** अमेरिका टैरिफ डील द्वारा अपने दुग्ध उत्पादन के लिए भारत में खपत का प्रयास जारी है, जबकि वह जानता है कि पशुओं को मांसाहार भोजन से उत्पन्न दुग्ध उत्पादों को क्या भारत के लोग खपत करेंगे? जबकि ज्यादातर भारतीय अपने धार्मिक, सामाजिक कार्यक्रमों में करते आए है।
**Case 3 :** ऑपरेशन सिंदूर में चीन, तुर्की के हथियारों का फेल होने से उनकी मार्केट साख और शेयर पर नकारात्मक असर, जबकि भारतीय हथियारों की मार्केट में उछाल।
**Case 4 :** यूक्रेन-रूस युद्ध में रूस के मित्र देश और व्यापार करने वालों पर नाटो देशों के प्रतिबंध की तैयारी।
विश्व में भारत की तरह राष्ट्र प्रथम की सोच हर तरफ सुनाई दे रही है, इसमें ताजा उदाहरण अमेरिकी प्रेसिडेंट ट्रंप का है। हम इसको एक व्यापारी की बजाए ग्राहक की तरह भी सोच कर देख सकते हैं। हर मदद करने वाला, मित्र नहीं होता, जरूरत पूरा करने वाले के इरादों को समझकर बिजनेस करना चाहिए। ज्यादातर आर्थिक रूप से कमजोर मुल्क, चालाक देशों के जाल में फंस कठपुतली बनकर नाचने लगते है। आज व्यापार करने में ज्यादा मुनाफे के चक्कर में व्यवहार कुशलता कहीं खो गई है।

**अगर, यहाँ अपने उत्पाद के लिए मार्केट खोज रहे है, तो निम्न बिंदुओं पर ध्यान देकर उपरोक्त बिंदुओं को समझने की जरूरत है।**

- **मेरे ग्राहक कौन हैं?**
- **मेरा प्रॉडक्ट ग्राहक क्यों खरीदे?**
- **मेरे ग्राहक की विश्वसनीयता क्या है?**
- **मेरे क्षेत्र में कॉम्पीटीशन में कौन-कौन है?**
- **मेरे उत्पाद की यूएसपी क्या है?**
- **मेरे प्रॉडक्ट क्या ग्रीन टेक्नोलॉजी से बने हैं?**
- **मेरे संस्थान में प्रॉडक्ट का उत्पादन एथिकली है?**
- **मेरे वेंडर्स भी मेरी तरह एथिकली उत्पाद बनाते हैं?**
- **मेरी दूसरों पर निर्भरता कितनी है?**
- **क्या मेरी आफ्टर सेल सर्विस से ग्राहक संतुष्ट है?**
- **क्या मेरे उत्पाद सर्टिफाइड हैं?**
- **क्या मेरे उत्पाद ग्राहक के मानकों पर पूरा उतरते है?**
- **मैं किन लोगों से व्यापार कर रहा हूँ?**

उपरोक्त सवालों के जवाबों में ही ग्राहकों के चुनाव का महत्त्व पता चलाया जा सकता हैं।

संस्थान में भी आंतरिक ग्राहकों को नजरअंदाज करके बाहरी ग्राहकों को खुश नहीं कर सकते। हमें वफादार ग्राहकों की पहचान होनी चाहिए। कई बार मौसमी ग्राहकों के चक्कर में हमें वफादार ग्राहकों को खोना नहीं चाहिए। ये लोग आपके यूएसपी और बातों पर विश्वास करते हैं। ये छोटे फायदे के कारण अपनी लॉयल्टी नहीं बदलते, भविष्य और कल्पना शक्ति से हर चीज की कीमत बढ़ाई जा सकती है।

रिसर्च एसोसिएशन के साथ मिलकर अपने उत्पादों में विविधता लाकर लगातार सुधार करे और नए उपयोगी उत्पाद मार्केट में लाते रहें। हमें व्यापार में केकड़ा प्रवृति से निकलकर जीत को अपनाना होगा और एक कुशल तैराक की तरह पानी में उतरने से पहले पूरी तैयारी करनी होगी एवं दूसरों पर निर्भरता को कम करना होगा। अपने और ग्राहक के मानको पर खरा उतरना होगा। आज विश्व में युद्ध ज्यादातर आर्थिक मोर्चों पर, समाजिक/संस्कृति मोर्चा पर ज्यादा देखें जाते हैं। हमें जरूरी और गैर जरूरी चीजों के डिफरेंस को समझना होगा। हम जो जरूरी चीजें बाहर से खरीदते है, उन्हे वेस्ट करना नहीं चाहिए तथा विलासिता और जरूरी चीजों का ज्ञान होना जरूरी है।

क्या आप सहमत हैं?

# कॉटन यार्न उत्पादकों पर भाव बढ़ाने से मांग का सपोर्ट नहीं

**मुम्बई/ रमाशंकर पाण्डेय**

यार्न मार्केट सुस्त है और मांग में स्थिरता है। यद्यपि यार्न उत्पादक बढ़ी लागत के कारण कॉटन यार्न का भाव बढ़ाना चाहते है, लेकिन कमजोर मांग के कारण ऐसा करना फिलहाल संभव नहीं है। वीवर्स भी प्रस्तावित भाव वृद्धि को लेकर उदासीन एवं असहज लग रहे हैं। इसलिए स्पिनिंग मिलें उत्पादन में ही थोड़ी कटौती कर बढ़ते बोझ से हल्का होना चाहती है। हाजिर बाजार में यार्न का कोई अभाव नही है। पहले से ही उत्पादन अच्छा रहा है, जबकि लोकल एवं निर्यात मांग ठंडी रही है। मिलों को नुकसान नहीं हो और बाजार में यार्न की कोई कमी नहीं हो, ऐसी रणनीति के साथ मिलें यार्न उत्पादन पर बल दे रही है। यार्न की मांग हर स्तर पर कमजोर बनी हुई है।

टेक्सटाइल क्षेत्र में निराशा का दौर चल रहा है। वीविंग इकाइयों में अपनी क्षमता पर काम नहीं हो रहा है। स्थानीय बाजारों में फिनिश एवं ग्रे कपड़ों की मांग बेदम है। निर्यात में एक मात्र गारमेण्ट कारोबार से उम्मीद रही है। गारमेण्ट का निर्यात निरंतर सुधरने के कारण गारमेण्ट कपड़ों का उठाव बढ़ने लगा था। कारोबारियों को लग रहा था कि अब कपड़ों की मांग तेजी से सुधर सकती है, लेकिन इसी बीच अमेरिका की ओर से भारत पर दबाव बनाने की रणनीति से टैरिफ बढ़ाने का निर्णय किया जाता है। इस निर्णय से देश के टेक्सटाइल उद्योग को थोड़ी मायूसी है। फिर भी उद्योग विशेषज्ञों का मानना है कि भारत जैसे बड़े उपभोक्ता बाजार को नजरअंदाज करना कठिन है।

एक ओर किसी भी यार्न की मांग में उछाल नहीं है। कॉटन, पॉलिएस्टर और विस्कोस सहित अनेक किस्म के यार्न के भाव पर किसी न किसी कारण दबाव महसूस किया जा रहा है। स्पिनिंग इकाइयों की मार्जिन दबाव में है। स्पिनिंग उद्योग पहले से ही कमजोर मांग और घटती मार्जिन के कठिन दौर से गुजर रहा है, जिससे अब कच्चे माल के मूल्य बढ़ने से स्पिनिंग उद्योग को एक और झटका लगा है। कॉटन यार्न की लागत बढ़ती जा रही है, जबकि यार्न की मांग में सुधार नहीं हो रहा है। क्रूड तेल के भाव घटने से पॉलिएस्टर यार्न और विस्कोस यार्न की कीमतों में गिरावट की संभावना बढ़ गई है, परंतु उत्पादकों की ओर से भाव कम करने की कोई अधिकृत घोषणा नही की गई है।












Postal Registration No BHILWARA/208/2024-2026 RNI Registration No. 71772/98
















# टैरिफ से कॉटन की मांग कमजोर

**नई दिल्ली/ राजेश शर्मा**

टैरिफ युद्ध के कारण कॉटन यार्न, टेक्सटाइल और रेडीमेड गारमेण्ट आदि की निर्यात मांग प्रभावित होने से कॉटन कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया यानि सीसीआई की कॉटन की मांग अब कमजोर हो गई है तथा एक अगस्त को समाप्त हुए सप्ताह के दौरान कुल बिक्री 79,400 गांठ (प्रति गांठ 170 किलो) की रहीं। जाानकारों का कहना है कि अमेरिका द्वारा भारत से आयात पर 25 प्रतिशत टैरिफ थोप दिए जाने के बाद आगामी महीनों में देश से टेक्सटाइल और गारमेण्ट का निर्यात प्रभावित होगा तथा कॉटन की खपत और भाव में गिरावट आ सकती है।

प्राप्त आंकड़ों के अनुसार सीसीआई वर्ष 2024-25 सीजन की लगभग 71.06 लाख गांठ मिलों और व्यापारियों को बेच चुकी है तथा अब उसके पास लगभग 28.54 लाख गांठ का स्टॉक है। जानकारों का कहना है कि इस मात्रा के अतिरिक्त सीसीआई ने इस वर्ष 2023-24 के सीजन की कॉटन भी बाजार में बेची है और सबसे अधिक खरीद केवल तीन राज्यों तेलंगाना, महाराष्ट्र और गुजरात में की थी। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार सीसीआई ने कुल 99.95 लाख गांठ की खरीद की थी, जिसमें सबसे अधिक मात्रा की खरीद तेलंगाना में (40.38 लाख गांठ) की थी एवं महाराष्ट्र में 29.30 लाख गांठ और गुजरात में 15.05 लाख गांठ की खरीद की। इसके अतिरिक्त कर्नाटक में 5.22 लाख गांठ, मध्य प्रदेश में 3.98 लाख गांठ, आंध्रप्रदेश में 3.8 3 लाख गांठ, हरियाणा में 62,000 गांठ, राजस्थान में 50,000 गांठ तथा अन्य राज्यों में 2.06 लाख गांठ की खरीद की।

शेषांश पृष्ठ 10 पर...







स्वत्वाधिकारी एसएसएस मीडिया पब्लिकेशन्स (प्रा.) लि. की तरफ से मुद्रक एवं प्रकाशक योगेन्द्र शर्मा के लिए डी.बी. कॉर्प लि., 10, जेएलएन मार्ग, जयपुर, (भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, टोंक रोड़, जयपुर) से मुद्रित एवं सी-127, आर.के. कॉलोनी, भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक-योगेन्द्र शर्मा।







# अजमेरा ट्रेंड्स 'इंडियाज फास्टेस्ट ग्रोइंग टेक्सटाइल फ्रेंचाइजी नेटवर्क' अवॉर्ड से सम्मानित



नई दिल्ली/ भारत की जानी-मानी रिटेल फ्रेंचाइजी चेन **अजमेरा ट्रेंड्स** को **'इंडियाज फास्टेस्ट ग्रोइंग टेक्सटाइल फ्रेंचाइजी नेटवर्क'** अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान भारत के अग्रणी न्यूज चैनल 'भारत 24' द्वारा नई दिल्ली के ताज होटल में 17 जुलाई को आयोजित 'ग्रीन एनर्जी समिट 2025' में दिया गया।

केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री माननीय श्री नितिन गडकरी जी द्वारा दिया गया यह अवॉर्ड **अजमेरा ट्रेंड्स** की पैरेंट कम्पनी **'अजमेरा फैशन प्रा. लि.'** के फाउंडर एंड सीईओ श्री अजय अजमेरा ने ग्रहण किया। इस इवेंट में कॉर्पोरेट व मीडिया जगत की कई दिग्गज हस्तियाँ मौजूद रहीं। साथ ही एंटरटेनमेंट वर्ल्ड के कई चमचमाते सितारों ने भी शिरकत की।

इस अवसर पर श्री अजय अजमेरा ने कहा, 'यह अवॉर्ड जीतना हमारे लिए बहुत गर्व की बात है। यह हमारी टीम और फ्रेंचाइजी ऑनर्स की कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। हमने रिकॉर्ड समय में 400 फ्रेंचाइजी स्टोर्स का माइलस्टोन पार किया है और हमारा लक्ष्य है कि वर्ष 2027 तक हम पूरे भारत में 1000 फ्रेंचाइजी स्टोर्स के साथ करोड़ों ग्राहकों को उचित दाम पर बेहतरीन क्वालिटी और डिजाइन के कपड़े उपलब्ध कराएं।'

'**अजमेरा ट्रेंड्स** 2023 में श्री अजय अजमेरा द्वारा शुरू की गई एक रिटेल फ्रेंचाइजी चेन है। यह चेन महिलाओं, पुरूषों और बच्चों के लिए पारंपरिक और आधुनिक परिधानों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करती है।

**अजमेरा ट्रेंड्स** की सफलता का मुख्य कारण इसके उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद, किफायती दाम और उत्कृष्ट ग्राहक सेवा है। यह पुरस्कार अजमेरा ट्रेंड्स की प्रतिबद्धता और भारतीय फैशन उद्योग में कम्पनी के योगदान को दर्शाता है।

# SGCCI द्वारा आयोजित यार्न एक्सपो-2025 का शानदार समापन

## तीन दिनों में 24,884 बायर्स की भागीदारी | ₹1000 करोड़ से अधिक व्यापार की संभावना



**सूरत/ सत्य प्रकाश**

**द सदर्न गुजरात चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (SGCCI) द्वारा आयोजित 'यार्न एक्सपो - 2025' ने न केवल सूरत, बल्कि सम्पूर्ण भारतीय टेक्सटाइल उद्योग को नई दिशा देने का कार्य किया है। 1 से 3 अगस्त 2025 तक सरसाणा स्थित सूरत इंटरनेशनल एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (SIECC) में आयोजित इस भव्य आयोजन में तीन दिनों के भीतर 24,884 से अधिक बायर्स और विजिटर्स ने हिस्सा लिया, जिनमें देश-विदेश के वीवर्स, रिटेलर्स, ट्रेडर्स और गारमेण्ट निर्माता शामिल थे।**

**उद्घाटन समारोह :** 1 अगस्त 2025 को उद्घाटन समारोह में रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट श्री जे. रघुनाथ, ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड के फैशन यार्न बिजनेस के सीईओ श्री सत्यकी घोष, संगम इंडिया लिमिटेड के वाइस चेयरमैन डॉ. एस. एन. मोदानी और पल्लवा ग्रुप के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्री दुरई पलनीसामी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर SGCCI अध्यक्ष श्री निखिल मद्रासी ने यार्न उद्योग के तकनीकी विकास की दिशा में एक्सपो की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि 'सूरत के टेक्सटाइल उद्योग को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने की दिशा में यह एक्सपो मील का पत्थर साबित होगा।'









**समारोह में प्रमुख हस्तियों की उपस्थिति :** इस अवसर पर चेंबर के उपाध्यक्ष श्री अशोक जीरावाला ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया, संचालन चेंबर के मानद मंत्री श्री भावेश टेलर ने किया। यार्न एक्सपो चेयरमैन श्री गिरधर गोपाल मुंदड़ा ने प्रदर्शनी की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष श्री विजय मेवावाला, मानद कोषाध्यक्ष सीए मितिष मोदी, ऑल एग्जीबिशन चेयरमैन श्री किरण ठुंमर, प्रायोजक, एग्जीबिटर्स, विदेशी बायर्स और यार्न व्यापारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**टेक्सटाइल इनोवेशन का केंद्र बना सूरत :** देशभर से 85 अग्रणी यार्न निर्माता कम्पनियों ने इस तीन दिवसीय मेगा एक्सपो में भाग लिया। इन कम्पनियों ने अपनी नवीनतम तकनीकों, रिसर्च आधारित इनोवेशन और इकोफ्रेंडली यार्न्स की विस्तृत श्रृंखला प्रस्तुत की। प्रमुख प्रदर्शित यार्न्स में टेन्सिल, कतान, एन सिल्क, लायोसेल, कार्बन फाइबर, बायोडिग्रेडेबल, हैम्प यार्न, एंटी माइक्रोबायल यार्न और 100 | पॉलिएस्टर टेक्सचराइज्ड यार्न, सिरो, मिलांज, केटोनिक, एयर टेक्सचराइज्ड, इनहेरेंट फायर रिटर्डेंट, इनहेरेंट एंटी बैक्टीरियल यार्न आदि शामिल थे।

**इंटरनेशनल विजिटर्स और भारी ऑर्डर्स :** एक्सपो के पहले दिन ही स्विट्जरलैंड, चेक रिपब्लिक और बांग्लादेश जैसे देशों से आए अंतरराष्ट्रीय खरीददारों ने भाग लिया और प्रदर्शकों को भारी ऑर्डर्स दिए। SGCCI के अनुसार तीन दिनों के भीतर अनुमानित 1000 करोड़ रू से अधिक का व्यापार संभावित है और आगामी 6 महीनों में 20 % से अधिक की ग्रोथ देखने को मिल सकती है। राज्य के बाहर के बायर्स की बढ़ती रूचि को देखते हुए कई एग्जीबिटर्स ने 'यार्न एक्सपो - 2026' के लिए अग्रिम बुकिंग में भी रूचि दिखाई है।

**टेक्नोलॉजी और सस्टेनेबिलिटी का मेल :** एक्सपो में खास आकर्षण बाँस से बना यार्न, रिसाइकल्ड मटीरियल से तैयार यार्न और कार्बन फाइबर जैसे हाईटेक यार्न्स रहें, जिनका उपयोग ड्रोन, इलेक्ट्रिक कार, टेक्निकल टेक्सटाइल और मेडिकल गारमेण्ट्स में बढ़ रहा है। इसके अलावा टेक्नोलॉजी सेक्शन में स्मार्ट मैन्युफेक्चरिंग, एआई-बेस्ड क्वालिटी कंट्रोल, थ्री-डी गारमेण्ट डिजाइनिंग और डिजिटल मार्केटिंग जैसे इनोवेटिव विषयों पर भी जानकारी दी गई।



# एएसएम इंडस्ट्रीज की ऑल इंडिया रिटेल कॉन्फ्रेंस रही बेहद सफल

## रिटेलर्स ने कराई जमकर बुकिंग

a reason to dress
aanan
Premium Suiting Shirting

asm industries





मुम्बई/ देश के प्रख्यात सूटिंग-शर्टिंग ब्राण्ड 'एएसएम' द्वारा आगामी सीजन को ध्यान में रखते हुए शिमला के रेडिसन ब्ल्यू होटल में भव्य ऑल इंडिया रिटेल कॉन्फ्रेंस का आयोजन 16 से 18 जुलाई 2025 को किया गया, जहाँ उपस्थित रिटेलर्स ने कम्पनी के सभी नये उत्पादों की जमकर सराहना की एवं बढ़-चढ़कर बुकिंग भी कराई।

कम्पनी द्वारा इस कॉन्फ्रेंस में अपने प्रख्यात ब्राण्ड्स आनन, सान पाओली और वी-9 के अंतर्गत नये कलेक्शन को पेश किया। जिसमें TR सूटिंग, हाई ट्विस्ट सूटिंग, लाइक्रा, ब्लेड सूटिंग-शर्टिंग की आकर्षक रेंज का भव्य डिस्प्ले किया गया। इस कॉन्फ्रेंस से कम्पनी द्वारा अपने रिटेलर्स के लिए स्पॉट बुकिंग पर गिफ्ट की घोषणा करते हुए व्यापारियों का उत्साहवर्धन भी किया। व्यापारियों ने उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर बुकिंग भी कराई। इस कॉन्फ्रेंस का माहौल पूरी तरह उत्साहपूर्वक नजर आया। व्यापारियों ने शिमला के आकर्षक दृश्यों का जमकर लुत्फ उठाते हुए वहाँ के रमणीय स्थलों का भ्रमण किया। कम्पनी के डायरेक्टर बंधुओं ने रिटेलर्स का धन्यवाद करते हुए सभी का आभार भी व्यक्त किया।









# क्वालिटी, गुणवत्ता में उभरता नाम Scottish Blend

## पहली रिटेल कॉन्फ्रेंस में भरपूर उत्साह





**भिवंडी/** भारतीय वस्त्र बाजार में निरंतर सूटिंग ब्राण्ड अपने पांव पसार रहा है। हर वर्ष अनेक ब्राण्ड अपने उत्पादों के दम पर आगे बढ़ते जा रहे हैं। कम्पनी के संस्थापक श्री ललित जैन के अथक प्रयास से शुरू हुई कम्पनी **Adeshwar Apparel** अपने **Scottish Blend** ब्राण्ड के अंतर्गत आज भारतीय कपड़ा बाजार में अपनी पहचान बना रही है। अपने ब्राण्ड Scottish Blend के माध्यम से कम समय में महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, उत्तरप्रदेश, बिहार, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, तमिलनाडु जैसे कई अग्रणी राज्यों में क्वालिटी फैब्रिक और सही दाम के दम पर अपनी पहचान बना रही है, जिसके अंतर्गत कम्पनी **High Twist ( Indian Tr ), Solo Chex, Lycra, Fancy Suiting** का निर्माण भरपूर फैंसी कलर चार्ट के साथ कर रही है, जिसे उपरोक्त सभी राज्यों में अपने होलसेल डीलर के माध्यम से हर अच्छे रिटेल काउंटर द्वारा पसंद किया जा रहा है।

अपने व्यापारी भाइयों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए हाल ही में कम्पनी ने गोवा में 15 जुलाई से 20 जुलाई तक अपनी प्रथम रिटेल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया था, जिसमें व्यापारी अपने रिटेलर्स के साथ बढ़-चढ़कर सहभागी बने।

कॉन्फ्रेंस में कम्पनी द्वारा नवनिर्मित हर रेंज को अभूतपूर्व रिस्पॉन्स मिला और कुछ क्वालिटियां जैसे -**Winslet, Atlanta, Bridgston, Carlsberg, Eleganza, Excalibur, Florence, Luxuria, Spanx, Blue Pearl, Coolmax, Pyramid, Durban, Morabito, Piccadilly, Fitbit Lycra, Firefox Lycra, Fossil Lycra, Free look Lycra, Lafab Lycra, Tuscany Lycra, Gold Cost** इन सभी क्वालिटियों में खूब अच्छा रिस्पॉन्स रहा। सभी व्यापारियों ने कपड़े की क्वालिटी, फिनिश की खूब तारीफ की। साथ ही कम्पनी धीरे-धीरे बाजार में अपनी पहचान बना रही है।

SCOTTISH BLEND
PREMIUM SUITING & SHIRTING
....Redefine the Class






# पवन कुमार जैन एंड कम्पनी, अम्बाला ने आयोजित की भव्य सेल्स कॉन्फ्रेंस



अम्बाला सिटी/ 27 जुलाई 2025 को अंबाला सिटी स्थित होटल रामाडा में ब्राण्डेड सूटिंग-शर्टिंग के प्रमुख होलसेल डिस्ट्रीब्यूटर 'पवन कुमार जैन एंड कम्पनी' ने सेल्स कॉन्फ्रेंस आयोजन किया। इस कार्यक्रम में हरियाणा एवं पंजाब राज्यों के रिटेल व्यापारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कॉन्फ्रेंस में प्रमुख टेक्सटाइल ब्राण्ड्स जैसे – Burgoyne, AFW, Georgio Gullini, Tessuti Italy, Only Vimal और Swag की नई व प्रीमियम रेंज प्रस्तुत की गई। विशेष रूप से Georgio Gul-lini की सूटिंग, Burgoyne की लिनन और Tessuti Italy की शर्टिंग ने व्यापारियों का विशेष ध्यान आकर्षित किया।

इस आयोजन की सबसे उल्लेखनीय बात यह रही कि सभी ब्राण्ड्स ने अपनी नवीनतम कलेक्शन को अत्यंत आकर्षक तरीके से प्रदर्शित किया। व्यापारियों को मौके पर ही बुकिंग एवं ऑर्डर देने का सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ, जिससे आयोजन को बेहतरीन प्रतिक्रिया मिली।

फर्म के संचालक श्री आदर्श जैन ने बताया कि 'पवन कुमार जैन एंड कम्पनी' अंबाला सिटी की सबसे पुरानी टेक्सटाइल फर्मों में से एक है। उनके पास चार पीढ़ीयों का अनुभव है, जिससे उनका नाम व्यापार जगत में सम्मान के साथ लिया जाता है। उनके सुपुत्र श्री रजत जैन ने फर्म की सफलता का श्रेय उनकी फेयर और पारदर्शी पॉलिसी को दिया, जो न केवल ग्राहकों बल्कि सप्लायर्स द्वारा भी सराही जाती है।







# जॉर्डन क्लासिक फैशन अपेरल कम्पनी में लीडर बने डीकेटीई के छात्र

**कोल्हापुर/ राहुल खाडे**



जॉर्डन की क्लासिक फैशन अपेरल कम्पनी में लीडर बने डीकेटीई के छात्रों के साथ डॉ. एल. एस. एडमुथे, डॉ. यू. जे. पाटील और एस. बी. अकिवाते ।

इचलकरंजी स्थित डीकेटीई के टेक्सटाइल विभाग के सात छात्रों का जॉर्डन की क्लासिक फैशन अपेरियल कम्पनी में बिजनेस हुआ है। ये छात्र -एस युगान, वैष्णवी नौगन, भाग्यश्री खाडे, रामदास देशमुख, सानिया पठान, योगिता घरसे और दुर्गा कराडखेड़कर वहाँ पर नजर आए। क्लासिक फैशन मिडिल इस्ट नॉर्थ अफ्रीका की सबसे बड़ी कम्पनी है। वह कई नामवाले ब्राण्ड का प्रॉडक्शन करती है, जबकि क्लासिक फैशन हाई वॉल्यूम, फास्ट फैशन अपेरियल मैन्युफेक्चरिंग के लिए पहचाना जाता है। साथ ही 4.0 रोबोटिक एटोमेशन, प्रगट ए टेक्नोलॉजी का प्रयोग वस्त्रोद्योग का उत्पादन करता है। इन छात्रों को संस्था के अध्यक्ष श्री कल्लाप्पन्ना अवाडे, पूर्व मंत्री श्री प्रकाश अवाडे, सचिव डॉ. सपना अवाडे, कार्यकारी निदेशक श्री रवि अवाडे और अध्यापक प्रा. डॉ. एल. एस. एडमुथे, उपसंचालक प्रा. डॉ. यू. जे. पाटील के दिशा-निर्देशन में हुआ।

# कमजोर लेवाली के कारण रूई की तेजी को झटका

**मुम्बई/ रमाशंकर पाण्डेय**

स्पिनिंग इकाइयों के पास रूई का भरपूर स्टॉक होने से हाजिर बाजार में कमजोर लेवाली के कारण जारी तेजी को झटका लगा है। यद्यपि रूई के भाव में कोई बड़ी गिरावट नहीं आई है, बल्कि बढ़े भाव पर लेवाल कम हो गए है। 15 अगस्त के बाद उत्तर भारत में नई कपास के बाजार में आने पर सीसीआई पर अनसोल्ड रूई के बेचने का भी दबाव बढ़ सकता है। हालांकि सीसीआई को अच्छे भाव पर रूई का अधिक से अधिक स्टॉक बेचने में सफलता मिली है, फिर भी इसके पास अभी रूई का एक बड़ा स्टॉक पड़ा हुआ है। वैश्विक बाजार में रूई में नरमी है। भारत से रूई का निर्यात कम और आयात अधिक है। मिलों ने सस्ती वैश्विक रूई पसंद की है, इसलिए आयात अधिक है।

बाजार सूत्रों के अनुसार एमएसपी के कारण देश में रूई के भाव अधिक है। उधर चीन की कमजोर मांग के कारण वैश्विक बाजारों में रूई के भाव कम हो गए है। आयात पर 11 प्रतिशत ड्यूटी होने के बावजूद भारत में अक्टूबर से मई तक 24.15 लाख गांठ का आयात और 12.44 लाख गांठ का निर्यात किया गया है। देश में प्रति हेक्टेयर उत्पादकता



में सुधार नहीं होता है तो भारत रूई के मामले में निर्यात प्रतिस्पर्धा खो सकता है। भारत का वैश्विक रूई बाजार में कपास की खेती के मामले में हिस्सा 37 प्रतिशत है, परंतु उत्पादन में सिर्फ 23 प्रतिशत का योगदान है। देश में रूई की उत्पादकता बढ़ाने की जरूरत है, क्योंकि बढ़ते उत्पादन खर्च से कपास की खेती लाभदायक नही रहीं है।

यदि प्रति एकड़ उत्पादकता बढ़ती है, तो कम क्षेत्रफल में भी कपास की खेती कर किसानों को उनकी पैदावार की उचित कीमत मिल सकती है और किसानों का मुनाफा बढ़ सकता है। उत्पादकता बढ़ने का लाभ किसानों के साथ पूरी टेक्सटाइल वैल्यू चैन को होगा। अभी एमएसपी बढ़ने का लाभ सिर्फ किसानों को है। कपास का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाए जाने के बाद देश में कपास की बुवाई का क्षेत्रफल घटने की रिपोर्ट है। विदेशों से सस्ती रूई आयात करने पर 11 प्रतिशत शुल्क लगता है। देश में रूई के भाव विदेशी की तुलना में अधिक है। ऐसे में टेक्सटाइल उद्योग के लिए रूई आयात का ही विकल्प है। ब्राजील एवं अमेरिका में रूई भारत से सस्ती मिल रही है।

रूई के भाव हाल स्थिर है और बढ़े भाव पर लेवाली मंद होने के कारण कोई सरगर्मी नहीं है। समय पर बारिश, कपास की बुवाई प्रगति अच्छी होने से कदाचित सब ठीक रहा तो उत्पादन भी अच्छा हो सकता है। अभी तक मिलों की खरीदी अच्छी रहने से सीसीआई ने रिकॉर्ड बिक्री की है, लेकिन अगस्त बाद यदि रूई का स्टॉक नहीं बेचा जा सका और उत्तर भारत की ओर से नये कपास की आवक बाजार में आनी शुरू होने पर सीसीआई को अपने स्टॉक बेचने के लिए भाव कम करने की भी नौबत आ सकती है। चीन की मांग कमजोर पड़ जाने के बाद वैश्विक बाजारों में रूई पर दबाव बना हुआ है। इसलिए रूई का भाव धारणा और स्थितियों पर अधिक निर्भर हो सकता है।

The Power of Personality
Bajaj fab
SUITINGS & SHIRTINGS
As Comfortable as it looks
JINDAL FAB
SUITINGS & SHIRTINGS
B&J



# बजाज फैब एवं जिंदल फैब की ऑल इंडिया डीलर्स कॉन्फ्रेंस गोवा में भरपूर उत्साह के साथ संपन्न

## नये कलेक्शन को मिली अपार सफलता

**मुम्बई/** सूटिंग-शर्टिंग के प्रख्यात ब्राण्ड 'बजाज फैब' अपने-आप में प्रतिष्ठित नाम है। कम्पनी हर वर्ष हर सीजन के लिए नए कलेक्शन देने में अग्रणी रही है। कम्पनी द्वारा आगामी ईद, नवरात्रा एवं दीपावली के सीजन को ध्यान में रखते हुए 18 व 19 जुलाई 2025 को गोवा के ज्यूरी सेंड रिसोर्ट में भव्य डीलर्स कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। इस दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस में कम्पनी द्वारा अपने सभी डीलर्स की उपस्थिति सराहनीय रही है। बजाज फैब द्वारा इस कॉन्फ्रेंस में 36'' एवं 58'' शर्टिंग की विस्तृत क्वालिटियों का शानदार डिस्प्ले किया गया। नई-नई डिजाइनों के नये सेम्पल चार्ट आकर्षक विभिन्न कलर रेंज के साथ प्रस्तुत किए गए, जिसे देखकर व्यापारी मंत्र-मुग्ध हो गए। कॉन्फ्रेंस के दौरान प्लेन, प्रिंट, सेल्फ बेस की डिजाइंस, यार्न डाइड बेस, कुर्ता-पायजामा, चैक्स, फैंसी डिजाइंस का डिस्प्ले किया, जिसकी व्यापारियों ने जमकर बुकिंग कराई। विशेष रूप से एथनिक वियर की रेंज देखकर व्यापारी उत्साहित नजर आए।

इस वर्ष कम्पनी के भारत के डीलर्स सहित नेपाल के व्यापारियों ने भी शिरकत कर कॉन्फ्रेंस में उत्साह भर दिया, जिससे कॉन्फ्रेंस ने भव्य रूप ले लिया। बजाज फैब हर वर्ष अपने व्यापारियों के लिए कॉन्फ्रेंस का आयोजन करता है और वह बेहद खास होती है। हर वर्ष कम्पनी अपने उत्पादों में नया डवलपमेण्ट पेश करती है, जिसे अच्छी बुकिंग भी मिलती है।









## यूनिफॉर्म फैब्रिक ब्राण्ड B & J का मजबूत डिस्प्ले

मुम्बई/ यूनिफॉर्म यूनिफॉर्म के निर्माण में 'बजाज एंटरप्राइजेज' निरंतर आगे बढ़ता जा रहा है। इस ऑल इंडिया डीलर्स कॉन्फ्रेंस में कम्पनी द्वारा अपने यूनिफॉर्म ब्राण्ड B & J का डिस्प्ले भी किया, जो बेहद आकर्षक था। स्कूल यूनिफॉर्म की सीजनल मांग को ध्यान में रखते हुए कम्पनी द्वारा कॉर्पोरेट और वर्क वियर के लिए यूनिफॉर्म की वस्त्र श्रृंखला पेश की। खासकर कॉर्पोरेट और इंडस्ट्रियल यूनिफॉर्म की कैटेगरी में इस ब्राण्ड को लोकप्रियता मिली है।

B & J ब्राण्ड की यूनिफॉर्म डिजाइनों की कैटलॉग की मांग इस कॉन्फ्रेंस में दिखाई दी। अनेक व्यापारियों ने इस ब्राण्ड की उपयोगिता को अपनी और आकर्षिक किया, जो इस ब्राण्ड को निरंतर आगे बढ़ाने में अच्छा साबित हो रहा है।







## जिंदल फैब के सभी नये कलेक्शन में जमकर बुकिंग



मुम्बई/ शर्टिंग फैब्रिक में जिंदल फैब निरंतर भारत की तमाम मण्डियों में अपने उत्पादों को पहुँचाकर आगे बढ़ रहा है। 18 व 19 जुलाई 2025 को गोवा में आयोजित ऑल इंडिया डीलर्स कॉन्फ्रेंस में अनेक नयी रेंज प्रस्तुत की। त्योहारी सीजन को देखते हुए कम्पनी द्वारा 36'' एवं 58'' शर्टिंग में पीवी, पीसी, 100 प्रतिशत कॉटन, प्योर लिनन व लिनन ब्लेंडेड जैसी विभिन्न कलेक्शन तैयार किए गए जिसमें प्लेन, डोबीज, प्रिंट, चैक्स, कुर्ता-पायजामा व एथनिक की विशेष रेंज व्यापारियों के समक्ष पेश की गई, जिसे सभी व्यापारियों द्वारा अच्छा समर्थन मिला। इस कॉन्फ्रेंस से कम्पनी ने जिंदल फैब के सभी कलेक्शन की डिजाइंस, क्वालिटी एवं बेहतरीन फिनिश के साथ प्रस्तुत किया गया, जो इस ब्राण्ड की गुणवत्ता को दर्शाती है। इस कॉन्फ्रेंस में व्यापारियों ने जहाँ उत्साहपूर्वक बुकिंग कराई, वहीं गोवा के समुद्री तटों का भी भरपूर लुत्फ उठाया एवं कॉन्फ्रेंस का भरपूर मजा लिया।









# KOLKATA COUTURE EXPO 2025 THIRD EDITION The South Calcutta Saree Dealers welfare Association Park street & calcutta Saree Dealers Associationg Bada Bazaar





**कोलकाता/ रतन लाल पंडित**

मिलन मेला कोलकाता में 24 व 25 जुलाई 2025 को वूमन्स फैशन के लिए कोलकाता कूटूर एक्सपो 2025 का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर गणेश वंदना के साथ किया गया। जिसमें दोनों ग्रुप के चेयरमैन ऑफ केसीई श्री प्रदीप खेतान 'खेतान फैशन प्रा. लि.' एवं एसोसिएशन के प्रेसीडेंट श्री निर्मल सर्राफ 'पनगट साड़ी प्रा. लि.', श्री अरूण गोयनका 'निर्मल क्रिएशन' (पार्क स्ट्रीट), वाइस प्रेसीडेंट श्री पवन कुमार मोदी 'के. डी. साड़ी प्रा. लि.' (बड़ा बाजार), श्री गोपाल कुमार अग्रवाल 'सुंदरी साड़ी प्रा. लि.' सेक्रेटरी श्री सुशील कुमार गोयल 'संस्कृति व्यापार प्रा. लि.' इसके अलावा श्री संजय कुमार अग्रवाल 'संजय टेक्सटाइल प्रा. लि.' (बड़ा बाजार), श्री विक्रम मालपानी 'चित्रकार अपेरल', सुशील बूगना 'सागर साड़ी' आदि की उपस्थिति रहीं। रमेश धन्निया डायरेक्टर चुनरी कलेक्शन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संचालित का सहयोग था।

चेयरमैन ऑफ केसीई श्री प्रदीप खेतान ने बताया कि करीब कोलकाता के 200 सप्लायर्स ने साड़ी, सूट, लहंगा इत्यादि का डिस्प्ले किया। कुछ सप्लायर्स ने तो मॉडल के द्वारा भी डिस्प्ले किया। के. सी. साड़ी कोलकाता के बंगाली आर्टिस्ट मधुमीता गुप्ता के द्वारा अपनी साड़ी का डिस्प्ले किया गया। भारत के सभी जगह से करीब 5000 व्यापारी बंधु आए और आगामी सीजन तीज एवं दुर्गा पूजा के हिसाब से जमकर खरीदी की। इस दो दिवसीय एक्सपो में बाहर से आने वाले व्यापारी बंधुओं ने खरीदी की और शाम को रंगारंग कार्यक्रम का आनंद उठाया।







The Fabric
**Revolution** is here!!!

SGCCI
SGCTIDC

5th EDITION
WEAVE KNITT EXHIBITION 2026
THE COMPLETE FABRIC SHOW
26 27 28 JUNE 2026
B2B Platform for Weavers & Knitters

VENUE
SIECC Surat International Exhibition and Convention Centre
Surat International Exhibition & Convention Centre, Sarsana, Surat



(M) +91 91063 76152 / (E) weaveknitt@sgcci.in / (W) https://weaveknitt.sgcci.in

KAYAAN® PRINTS PVT.LTD.

# फैंसी साड़ियों की स्टाइलिश पहचान

## प्रिंटेड साड़ियों में देशभर में अपनी खास पहचान बनाने वाला ब्राण्ड



श्री नवीन शेवानी
डायरेक्टर, कयान प्रिंट्स प्रा. लि.

**सूरत/** सूरत की टेक्सटाइल इंडस्ट्री में ऐसे कुछ ही नाम हैं, जिन्होंने अपने डिजाइन, गुणवत्ता और नवाचार के जरिए राष्ट्रीय स्तर पर खास पहचान बनाई है। 'कयान प्रिंट्स प्रा. लि.' उन्हीं में से एक अग्रणी कम्पनी है। वर्ष 2009 में स्थापित यह कम्पनी आज फैंसी प्रिंटेड साड़ियों के क्षेत्र में सबसे भरोसेमंद नाम बन चुकी है। कम्पनी के डायरेक्टर गुलाबराय शेवानी, श्री रतन शेवानी, श्री नवीन शेवानी एवं श्री जैनेश शेवानी के कुशल नेतृत्व और रचनात्मक सोच ने 'कयान प्रिंट्स' को ट्रेंड सेटिंग और फैशन-फॉरवर्ड ब्राण्ड की श्रेणी में ला खड़ा किया है। भारत की सांस्कृतिक विविधताओं और फैशन टेस्ट को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई साड़ियों की रेंज हर उम्र और क्षेत्र की महिलाओं को आकर्षित करती है। हर डिजाइन में आधुनिकता और परंपरा का खूबसूरत मेल देखने को मिलता है, जो 'कयान प्रिंट्स' की सबसे बड़ी खासियत बन चुकी है। कम्पनी की सबसे बड़ी ताकत है, देश की फैशन विविधता को समझना और उसे कैटलॉग के रूप में ग्राहकों तक पहुँचाना। चाहे त्योहार हो या शादी-ब्याह का सीजन 'कयान प्रिंट्स' हर मौके के लिए विशेष साड़ियों का निर्माण करती है। आज कम्पनी का डीलर नेटवर्क देश के कोने-कोने तक फैला है और इसकी डिजाइनर साड़ियाँ महिलाओं की पहली पसंद बन चुकी हैं। श्री नवीन शेवानी के नेतृत्व में 'कयान प्रिंट्स प्रा. लि.' ने न केवल सूरत बल्कि पूरे देश में फैंसी प्रिंटेड साड़ियों का एक भरोसेमंद और प्रतिष्ठित ब्राण्ड बनने की दिशा में निरंतर कदम बढ़ाए हैं। आने वाला वेडिंग और फेस्टिव सीजन कम्पनी के लिए नया कीर्तिमान स्थापित करने का अवसर साबित होने वाला है।

### फेस्टिव और वेडिंग सीजन के लिए विशेष तैयारियाँ

'कयान प्रिंट्स' आज सिर्फ साड़ी निर्माता ही नहीं, बल्कि एक फैशन थिंक टैंक भी है, जो हर मौसम और हर ग्राहक की जरूरत को समझकर डिजाइन करता है। रक्षाबंधन और तीज जैसे त्योहारों पर 'कयान प्रिंट्स' की डिजाइनर और डिजिटल प्रिंटेड साड़ियों को बाजार से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला। इसी सकारात्मक रिस्पॉन्स से उत्साहित होकर कम्पनी आगामी गणेश चतुर्थी, नवरात्रा, करवा चौथ, दिवाली और शादी-ब्याह सीजन के लिए पूरी तरह से तैयार है। कम्पनी के डायरेक्टर श्री नवीन शेवानी का कहना है, 'इस बार नवंबर से शुरू होने वाला लग्न-सावा का सीजन लंबा है और बाजार में ग्राहकी जबरदस्त रहने वाली है। इसी को ध्यान में रखते हुए हमने नए कलेक्शन और वैल्यू एडेड डिजाइनों के साथ जबरदस्त तैयारी की है।' इस बार कम्पनी ने अपनी रेग्युलर हिट रेंज के अलावा लिनन और कॉटन में डिजिटल प्रिंटेड साड़ियों का नया सेगमेंट तैयार किया है, जिसमें खूबसूरत वैल्यू एडिशन भी किया गया है। यह कलेक्शन पारंपरिकता और आधुनिकता का अनूठा संगम है।

### सूरत ड्रीम्स में दिखेगा कयान प्रिंट्स का नया अंदाज

फैशन और ट्रेड शो की दुनिया में सूरत ड्रीम्स एग्जीबिशन आज एक बड़ा प्लेटफॉर्म बन चुका है, जहाँ देशभर की प्रमुख टेक्सटाइल कम्पनियाँ अपनी कलेक्शन की भव्य प्रस्तुतियाँ करती हैं। इस बार इस मेगा इवेंट में 'कयान प्रिंट्स प्रा. लि.' अपनी नई सोच, नई डिजाइनों और आने वाले सीजन के ट्रेंड्स को लेकर इस बार प्रभावशाली प्रजेंटेशन करने जा रही है। कम्पनी के डायरेक्टर श्री नवीन शेवानी के अनुसार, 'हमने इस साल का जो कलेक्शन तैयार किया है, वह सिर्फ व्यापार के लिए ही नहीं, बल्कि फैशन को नए आयाम देने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया है। इस एग्जीबिशन में 200 से अधिक नए कैटलॉग्स प्रदर्शित किए जाएंगे।' इस विशाल आयोजन में कम्पनी की डिजिटल प्रिंटेड फैंसी साड़ियाँ, लिनन व कॉटन वैल्यू एडेड रेंज और रेग्युलर हिट कलेक्शन को एक भव्य अंदाज में प्रस्तुत किया जाएगा।

**Stall No.**
**650**

### व्यापारियों के लिए जॉर्जिया ट्रिप स्कीम

अपने व्यापार भागीदारों के साथ मजबूत संबंध बनाए रखने की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए 'कयान प्रिंट्स' ने इस साल 1 जुलाई से 15 अगस्त तक एक विशेष जॉर्जिया ट्रिप स्कीम लागू की है। इस योजना के तहत निर्धारित खरीदी करने वाले व्यापारियों को अंतरराष्ट्रीय यात्रा पर ले जाया जाएगा। यह न केवल व्यापार में जोश भरता है, बल्कि उनके लिए एक शानदार अनुभव भी बन जाता है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष कम्पनी ने अपने चयनित व्यापारियों को बांकू ( BAKU ) की शानदार यात्रा करवाई थी, जिसे व्यापार जगत से भरपूर सराहना मिली थी। इस प्रकार की स्कीम्स कम्पनी की प्रोफेशनल सोच और अपने पार्टनर्स के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है।



GLIMPSES OF BAKU TRIP




CUSTOMER CARE: +91-992-555-9041




COME EXPLORE
OUR COLLECTION AT
Surat Dreams

AUGUST
12 & 13
2025

VISIT OUR STALL NO. 660

WE ARE MANUFACTURERS OF PREMIUM QUALITY SAREES INCLUDING EMBROIDERY,
TOP DYED, DIGITAL PRINT, POSITION PRINT, JARKAN, SEROSKI, MULTI KASHMIRI & MULTI SEQUENCE.

J 2554/55/56/57, UG - MILLENNIUM TEXTILE MARKET-1,
RING ROAD, SURAT, GUJARAT-395 002.

+91 89 807 807 00 | 89 807 807 01 | FOLLOW US ON

श्री
Laxmipati© APPARELS

*A Division of Laxmipati Group,*
*Textile Excellence Since 1984*

**400+**
Weaving Machines

**1,000+**
Stitching Machines

**200,000+**
Mtr./Day
Fabric Processing

**600,000+**
Ltr./Day
Water Saved

Driven by Advanced Automation for
Unmatched Scale & Consistency.

BACKED BY GLOBAL STANDARDS

GLOBAL ORGANIC TEXTILE STANDARD · GOTS ·
OEKO TEX®
Global Recycled Standard
Higg Index
Sedex

www.laxmipatiapparels.com
enquiry@svkppl.com

GAURIPUTRA THE FASHION HUB Exclusive Fancy Lehenga's & Sarees



# फैशन उद्योग में तेजी से उभरता नाम गौरीपुत्र

## ब्राइडल एवं फैंसी लहंगों से लेकर डिजाइनर साड़ियों तक, देश-विदेश में बना रहा है अपनी पहचान



श्री विक्रांत शेखावत, डायरेक्टर, गौरीपुत्र

